तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,शुक्रवार 5 दिसंबर 2025 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-15 ■ वर्ष -41 ■ अंक-246 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 6 दिसंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

संक्षेप

विधानसभा का शीतकालीन सत्र 14 से

रायपुर,5 दिसंबर। छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र 14 दिसंबर से शुरू होगा. स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने सत्र को लेकर कहा कि नया सत्र पूरी तैयारी के साथ 14 दिसंबर से होगा. विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मीडिया से चर्चा में कहा कि पहले दिन विजन @2047 के प्रस्तुतीकरण के साथ उस पर चर्चा होगी. पहले दिन कोई प्रश्न-उत्तर या ध्यानाकर्षण नहीं है. पहले दिन छत्तीसगढ़ के विकास पर चर्चा होगी, उसका प्रेजेंटेशन होगा. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जवाब देंगे.

पिता ने छेड़छाड़ के डर से बेटी को 20 साल तक रखा कैद

जगदलपुर,5 दिसंबर। बस्तर में छेड़छाड़ के डर से बेटी को पूरे 20 साल तक अंधेरी कोठरी में बंद रखा गया, जिसके कारण उसकी दृष्टि भी चली गई। समाज कल्याण विभाग ने उसका रेस्क्यू किया और अब आश्रम में उसकी देखभाल की जा रही है। इस खबर ने पूरे समाज को झकझोर दिया है। न रोशनी, न खुली हवा और न ही दुनिया से कोई संपर्क। यह हालत थी लीसा की पूरे 2 दशक तक। बकावंड ब्लाक की बस्ती के ही रहने वाले युवक पर लीसा के परिजनों को शक था और यही उसके लिए कैद की कहानी बन गई। घर की चाहरदीवारी और उसके अंदर एक अंधेरी कोठरी, रेस्क्यू के बाद युवती को सबसे पहले मेडिकल कालेज हास्पिटल पहुंचाया गया। जहां मेडिकल जांच के बाद पता चला कि आंखों की रोशनी वापस आने की संभावना बहुत कम है। फिलहाल युवती को कोलचूर के आश्रम में रखा गया है। जहां न सिर्फ उसकी देखभाल की जा रही है, बल्कि सालों की मानसिक और भावनात्मक चोटों को भरने की कोशिश भी हो रही है।

शादी समारोह में गया परिवार, चोर उड़ा ले गये एक करोड़ के जेवरात

पिथौरा,5 दिसंबर। परिवार के तमाम सदस्य शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। उधर ताक लगाए चोरों ने घर में धावा बोलकर 25 लाख रुपए नगदी सहित एक करोड़ के सोने-चांदी के जेवरात पार कर दिया. मामला महासमुंद जिले के सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम बल्दीडीह का है. गांव में निवासरत योगेश अग्रवाल परिवार के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए रायपुर गए थे. वहीं घर को सूना देख चोरों ने धावा बोलकर 25 लाख नगदी सहित सोने-चांदी के आभूषण ले उड़े. चोरी की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई है. सूचना मिलते ही सायबर सेल एवं सांकरा पुलिस मौके पर पहुंच कर पड़ताल में जुट गई. एडिशनल एसपी प्रतिभा तिवारी ने बताया कि घटना स्थल की बारीकी से जांच पड़ताल की जा रही है. फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की मदद ली जा रही है. फोरेंसिक की टीम, डॉग स्काड की टीम घटना स्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू की दी है. आस-पास के सीसीटीवी फुटेज को चेक किया जा रहा है. जल्द ही आरोपी सलाखो के पीछे होंगे.

ट्रैक्टर पलटने से दो नाबालिगों की मौत

कवर्धा,5 दिसंबर। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है, जहां सिंघनपुरी जंगल थाना क्षेत्र में एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में दो नाबालिगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक का इलाज जारी है। यह घटना बिडोरा और सिंघनपुरी के बीच हुई है। बताया जा रहा है कि सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण ट्रैक्टर पलट गया। मृतकों की पहचान योगेश नेताम और कैलाश वर्मा के रूप में हुई है।

राष्ट्रपति भवन में पुतिन को गार्ड ऑफ ऑनर

नई दिल्ली,5 दिसंबर। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन (Vladimir Putin) भारत के दौरे पर हैं। आज पुतिन के भारत दौरे का दूसरा दिन है। पुतिन के आज के कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11 बजे राष्ट्रपति भवन में राजकीय स्वागत के साथ शुरू हुई। पुतिन को राष्ट्रपति भवन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान पुतिन को 21 तोपों की सलामी दी गई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मौजूद रहे। गार्ड ऑफ ऑनर भारत में किसी भी विदेशी राष्ट्रप्रमुख को मिलने वाला सर्वोच्च औपचारिक सम्मान है। सेरेमोनियल वेलकम केवल उन्हीं नेताओं को दिया जाता है, जो राजकीय यात्रा पर भारत आते हैं, यह सम्मान सिर्फ उन देशों के राष्ट्राध्यक्षों के लिए होता है, जहां राष्ट्रपति हेड ऑफ स्टेट होते हैं। राष्ट्रपति भवन में गार्ड ऑफ ऑनर मिलने के बाद राष्ट्रपति पुतिन राजघाट पहुंचे। यहां पुतिन ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। महात्मा गांधी को नमन करने के बाद पुतिन भारत-रूस की 23वीं सालाना समिट में शामिल होने के लिए हैदराबाद हाउस पहुंच गए हैं। बैठक में पीएम मोदी के साथ कई मुद्दों पर चर्चा होगी। साथ ही भारत-रूस के बीच कई मुद्दों पर मुहर लगेगी। पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन की दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में मीटिंग से पहले बड़ी खबर आई है। रूस ने भारत को आर्कटिक शिप बिल्डिंग में जुड़ने का बड़ा ऑफर दिया है। रूस के आइस ब्रेकर और भारत के शिप बिल्डिंग क्षमता को मिलकर काम करने का ऑफर दिया है। थोड़े दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस के आइस ब्रेकर को लेकर चर्चा की थी। 23वें भारत–रूस शिखर सम्मेलन से पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रूसी रक्षा मंत्री आंद्रे बेलोउसॉव से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने रक्षा और रणनीतिक सहयोग को और मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत स्वदेशी रक्षा उद्योग को बढ़ाने के लिए तेजी से काम कर रहा है और देश का लक्ष्य घरेलू उत्पादन के साथ-साथ रक्षा निर्यात को भी बढ़ाना है। उन्होंने यह भी बताया कि विशेष तकनीकों और नई रक्षा क्षमताओं में भारत और रूस के बीच सहयोग के कई नए अवसर खुल रहे हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, दोनों देशों ने दोहराया कि भारत–रूस साझेदारी गहरे विश्वास, साझा मूल्यों और पारस्परिक सम्मान पर आधारित है। यह बैठक आज होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की वार्ता से पहले सुरक्षा और रक्षा एजेंडा को दिशा देने वाला एक अहम संवाद माना जा रहा है।

इंडिगो की दिल्ली से आज की सभी 235 फ्लाइट्स कैंसिल

नई दिल्ली,5 दिसंबर। इंडिगो की उड़ान सेवाएं देशभर में गंभीर रूप से प्रभावित हैं। शुक्रवार सुबह दिल्ली एयरपोर्ट से लगभग 235 उड़ानें रद्द की गईं। इसके साथ ही दिल्ली से उड़ान भरने वाली सभी इंडिगो फ्लाइट्स आज के लिए पूरी तरह रद्द कर दी गई हैं। लगातार कैंसिल हो रही उड़ानों ने यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं और कई एयरपोर्ट्स पर अफरा-तफरी की स्थिति बनी हुई है। भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के परिचालन में यह संकट तीसरे दिन भी जारी रहा। शुक्रवार को एयरलाइन ने 550 से अधिक उड़ानें रद्द कीं, जिससे हजारों यात्री प्रभावित हुए। इस मुद्दे पर अब राजनीति भी गर्मा गई है। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि इंडिगो का संकट सरकार के कथित 'मोनोपॉली मॉडल' का परिणाम है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सरकार की गलत नीतियों के कारण एविएशन सेक्टर में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा खत्म होती जा रही है। दिल्ली एयरपोर्ट से सभी उड़ानें रद्द किए जाने की घोषणा के बाद इंडिगो ने यात्रियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त इंतज़ाम किए हैं। इंडिगो की एडवाइजरी के अनुसार, T3 पर डोमेस्टिक पियर जंक्शन, T2 पर पोस्ट-सिक्योरिटी सेल्फ मेडिकेशन रूम, और T1 पर डिपार्चर मेडिकल सेंटर में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं ताकि यात्रियों को किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता मिल सके। इस बीच, सूत्रों ने बताया कि हैदराबाद एयरपोर्ट पर भी 90 से अधिक उड़ानें रद्द की गई हैं। अन्य प्रमुख एयरपोर्ट्स पर भी कई उड़ानें रद्द हुई हैं और बड़ी संख्या में फ्लाइट्स देरी से संचालित हो रही हैं, जिससे यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। इंडिगो के परिचालन संकट और बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द होने का मुद्दा अब संसद तक पहुंच गया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने इस मामले को उठाते हुए केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला।

खत्म होगा इंडिगो संकट,डीजीसीए डीजीसीए ने वापस लिया रोस्टर को लेकर अपना आदेश

नई दिल्ली,5 दिसंबर। पिछले दो दिनों से चल रहा इंडिगो से जुड़ा संकट खत्म होने वाला है. डीजीसीए ने रोस्टर से जुड़ा अपना आदेश वापस ले लिया है. राम मोहन नायडू ने इंडिगो मामले पर गृह मंत्री अमित शाह को जानकारी दी. इसके बाद आदेश वापस ले लिया गया. डीजीसीए ने उस नियम को वापस ले लिया है, जो क्रू के लिए साप्ताहिक आराम के बदले छुट्टी का उपयोग करने से रोकता था. यह नियम तुरंत प्रभाव से लागू हो गया है. इस प्रावधान में कहा गया था कि साप्ताहिक आराम के बदले कोई छुट्टी प्रतिस्थापित नहीं की जाएगी.

आपत्तिजनक बयान मामले में फरार अमित बघेल का सरेंडर

रायपुर,5 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल ने आज देवेंद्र नगर थाने में सरेंडर कर दिया। सरेंडर के दौरान माहौल तनावपूर्ण हो गया। थाने के बाहर मौजूद लोगों ने उन्हें घेर लिया और उन पर हमला करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने तुरंत हस्तक्षेप कर उन्हें सुरक्षित अंदर ले गई।

सरेंडर के बीच मां का निधन, अंतिम संस्कार की तैयारी-इधर, अमित बघेल की मां का निधन हो गया है। उनका पार्थिव शरीर गृह ग्राम पथरी ले जाया गया है, जहां अंतिम संस्कार की तैयारी चल रही है। उम्मीद है कि बघेल कोर्ट में जमानत याचिका दायर कर अंतिम संस्कार में शामिल होने की अनुमति मांगेंगे।

लगभग दो महीने से थे फरार-अमित बघेल आपत्तिजनक बयान के मामले में करीब दो महीने से फरार थे। इस दौरान राज्यभर में उनकी तलाश जारी रही। मां के निधन के बाद आज उन्होंने सरेंडर का फैसला लिया।

सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद बढ़ा दबाव-26 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने बघेल की अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए कड़ी टिप्पणी की थी। कोर्ट ने कहा था कि वे अपनी जुबान संभालें और FIR के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया का सामना करें। अदालत ने साफ किया था कि उन्हें किसी तरह की राहत नहीं मिलेगी।

12 राज्यों में दर्ज FIR, 26 दिनों से थे लापता-अमित बघेल पर देश के 12 राज्यों में मामले दर्ज हैं। सुप्रीम कोर्ट पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि पुलिस उन्हें जरूरत पड़ने पर राज्यों के बीच ले जा सकती है और अदालत इस प्रक्रिया में दखल नहीं देगी।

कोर्ट परिसर में सुरक्षा बढ़ाई गई-सरेंडर के बाद शहर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। कोर्ट परिसर और थानों के बाहर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती है। रिमांड प्रक्रिया के लिए भी पूरी तैयारी कर ली गई है।

मूर्ति विवाद और बयान से भड़का था तनाव-27 अक्टूबर को अग्रसेन महाराज और सिंधी समाज के ईष्ट देवता झूलेलाल पर बघेल के विवादित बयान के बाद विवाद बढ़ गया था। इससे ठीक एक दिन पहले रायपुर के VIP चौक पर छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति तोड़ी गई थी, जिसके बाद क्रांति सेना ने हंगामा किया और पुलिस के साथ झड़प हुई। आरोपी को बाद में मानसिक रूप से अस्वस्थ और नशे में पाया गया।

भारत न्यूट्रल नहीं, शांति का पक्षधर: मोदी

नई दिल्ली,5 दिसंबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्विपक्षीय बैठक करने जा रहे हैं। इस शिखर वार्ता के दौरान पीएम मोदी ने कहा है कि भारत न्यूट्रल नहीं है, बल्कि शांति का पक्षधर है। बैठक हैदराबाद हाउस में होने जा रही है। इससे पहले रूसी राष्ट्रपति राजघाट गए थे। शिखर वार्ता से पहले राष्ट्रपति भवन में उनका औपचारिक रूप से स्वागत किया गया। पीएम मोदी ने पुतिन के साथ शिखर वार्ता के दौरान कहा कि भारत रूस-यूक्रेन संघर्ष में तटस्थ नहीं है, बल्कि शांति के पक्ष में है। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष संवाद और कूटनीति के माध्यम से खत्म होना चाहिए। उन्होंने कहा, 'हम इस संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करते हैं।' इस दौरान पुतिन ने कहा कि रूस इस संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान पर काम कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'पिछले दिनों विश्व समुदाय के सभी नेताओं से जब भी मेरी बात हुई है और उन्होंने जब भी विस्तार से चर्चा की तब मैंने कहा है कि भारत न्यूट्रल नहीं है भारत का पक्ष है और वो पक्ष शांति का है। हम शांति के हर प्रयास का समर्थन करते हैं और इसके हर प्रयास के साथ हैं...मुझे पूरा भरोसा है हम आज कई विषयों पर चर्चा करने वाले हैं। भारत और रूस का आर्थिक संबंधों का अधिक विस्तार हो। हम नई-नई ऊंचाईयों को प्राप्त करे...।'

उन्होंने कहा, 'यूक्रेन के संकट के बाद हमारी लगातार चर्चा होती रही है आपने भी समय-समय पर एक सच्चे मित्र के रूप में हमें सभी चीजों से अवगत कराया। मैं समझता हूं कि ये विश्वास बहुत बड़ी ताकत है और आपको मैंने अनेक बार इस विषय पर चर्चा की है....विश्व का कल्याण शांति मार्ग पर ही है हम सबको मिलकर शांति के राह तलाशने चाहिए और पिछले दिनों जो प्रयास चल रहे हैं मुझे पूरा विश्वास है कि विश्व फिर से एक बार शांति की दिशा में लौटेगा।' पीएम मोदी ने कहा, 'हमारी समिट कई नतीजों के साथ चल रही है। आपकी यात्रा बहुत ऐतिहासिक है। 2001 में जब आपने कार्यभार संभाला और पहली बार भारत की यात्रा हुई आज उसे 25 साल हो गए हैं। उस पहली यात्रा में ही स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप की मजबूत नींव रखी गई थी। मैं पर्सनली भी बहुत खुश हूं कि पर्सनल लेवल पर आपके साथ मेरे रिश्तों ने भी 25 साल पूरे कर लिए हैं। मेरा मानना है कि 2001 में आपने जो रोल निभाया, वह इस बात का शानदार उदाहरण है कि एक विजनरी लीडर कैसे होता है, वह कहां से शुरू करता है और रिश्तों को कहां तक ले जा सकता है इसका एक उत्तम उदाहरण भारत और रूस के संबंध हैं।'

मक्का से भरे ट्रक में लगी आग

खैरागढ़,5 दिसंबर। साल्हेवारा घाटी में शुक्रवार सुबह बड़ा हादसा होते-होते बच गया. मक्का से भरे 14 चक्का ट्रक में अचानक आग लग गई. ट्रक पलारी, मध्यप्रदेश से मक्का लेकर आरंग, रायपुर जा रही थी. सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने समय पर की गई कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया. जानकारी के अनुसार, ट्रक सुबह करीब 9 बजे साल्हेवारा से निकली थी. लगभग 9.30 बजे जैसे ही ट्रक घाटी के मोड़ पर पहुंची, तभी अचानक टायर फट गया और तुरंत आग भड़क उठी. तेज आग देखकर ट्रक ड्राइवर तुरंत कूदकर नीचे उतरा और अपनी जान बचाई. धुआं उठता देख आसपास के लोगों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी. सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मेहनत कर आग पर पूरी तरह काबू पाया.

प्रतिबंधित लकड़ी का परिवहन,5 वाहन जब्त

दुर्ग,5 दिसंबर। जिले के पाटन विकासखण्ड क्षेत्र में लकड़ी कारोबारियों द्वारा हरे भरे वृक्षों की कटाई लंबे समय से की जा रही है। इस बीच देर रात को वन विभाग की टीम ने पाटन क्षेत्र के सुरपा गांव के पास प्रतिबंधित कहुआ सहित अन्य मिश्रित प्रजाति के लकड़ियों का परिवहन करते पांच वाहन को जब्त किया है। इस मामले में दस ड्राइवर और हेल्पर के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम 1927 की

धारा 52 के तहत कार्यवाही किया गया है। पांचों वाहन में लकड़ियों का अवैध परिवहन किस जगह से कहां के लिए हो रहा था, इसका खुलासा जांच के बाद वन विभाग द्वारा किया जाएगा वन मंडल दुर्ग द्वारा वन मंडलाधिकारी के दिशा निर्देश पर पाटन क्षेत्र में रात्रि गश्त की जा रही थी। इसी दौरान लकड़ियों से लदी पांच गाड़ियां सुरपा गांव के पास सड़क से गुजर रही थी। उप वन मंडलाधिकारी धनेश कुमार साहू के नेतृत्व में वहां पर तैनात टीम ने लकड़ियों से भरी वाहनों को रोककर पूछताछ किया। इस दौरान पांचों वाहन में मौजूद एक - एक ड्राइवर व हेल्पर लकड़ियों से संबंधित कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सके। इससे साफ हो गया कि पांचों वाहन में लकड़ियों का अवैध परिवहन हो रहा था। वन विभाग की टीम ने वाहन क्रमांक सीजी 04 जेसी 8048, सीजी 06 एम 0463, सीजी 07 सीए 1055 और सीजी 07 सी 7987 को पाटन और सीजी 04 जेडी 7725 को कुम्हारी डिपो में रखा गया है उप वन मंडलाधिकारी धनेश कुमार साहू ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से पाटन क्षेत्र में लकड़ियों के अवैध परिवहन की जानकारी सामने आ रही थी इस लिए वन मंडलाधिकारी दुर्ग के निर्देश पर रात्रि गश्त किया जा रहा था। इस दौरान पकड़े गए सभी वाहन में मिश्रित प्रजाति के लकड़ियों का अवैध परिवहन हो रहा था। इसमें सभी पांच वाहन में प्रतिबंधित कहुआ प्रजाति के लकड़ी का गोला भी शामिल है। पांचों वाहन में एक - एक ड्राइवर और हेल्पर थे। लकड़ियों के अवैध परिवहन को लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। जांच के बाद ही इस बात का पता चल सकेगा कि लकड़ियों का परिवहन किस जगह से कहां के लिए किया जा रहा था दो दिन पहले धमधा में पकड़ाया था एक गाड़ी पेड़ों के अवैध कटाई और परिवहन को लेकर दुर्ग जिले का धमधा परिक्षेत्र भी अछूता नहीं रहा है। पाटन की तरह धमधा में भी धान कटाई के साथ ही हरे भरे वृक्षों को काटकर शहर के आरा मिल और उद्योग में परिवहन किया जा रहा है। दो दिन पहले 3 दिसंबर को धमधा परिक्षेत्र में वन विभाग की टीम ने लकड़ियों के अवैध परिवहन में लिप्त एक वाहन को जब्त किया है। आधी रात को वन विभाग की टीम ने वाहन क्रमांक सीजी 04 जेडी 7725 को रोका। इस वाहन में प्रतिबंधित कहुआ सहित अन्य प्रजाति के लकड़ी लदे हुए थे।

हुमायूं कबीर को बाबरी मस्जिद बनाने से नहीं रोकेगा हाईकोर्ट

कोलकाता,5 दिसंबर। तृणमूल कांग्रेस से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर उच्च न्यायलय से बड़ी राहत मिली है। शुक्रवार को हाईकोर्ट ने मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद निर्माण केस में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। अदालत ने शांति की जिम्मेदारी राज्य सरकार पर छोड़ दी है। कबीर ने 6 दिसंबर को बाबरी जैसी मस्जिद की नींव रखने का ऐलान किया है। विधायक ने अदालत के फैसले पर खुशी जाहिर की है। फैसले पर कबीर ने कहा, 'मैंने पहले ही कह दिया था कि मैं नींव रखूंगा। हाईकोर्ट के जज ने जो निर्णय लिया, उससे मैं बहुत खुश हूं...। मैं हाईकोर्ट के जज को बधाई देता हूं...। यह मेरा संवैधानिक अधिकार है...। जो लोग हाईकोर्ट गए थे, उन्हें मुंहतोड़ जवाब मिला है...।' टीएमसी ने विधायक कबीर को गुरुवार को पार्टी से निलंबित कर दिया था। पीटीआई भाषा के अनुसार, निलंबन के कुछ ही देर बाद कबीर ने घोषणा की कि वह विधायक पद से इस्तीफा दे देंगे, इस महीने के अंत में अपनी पार्टी बनाएंगे और प्रस्तावित कार्यक्रम को बढ़ाएंगे, भले ही इसके लिए उन्हें 'गिरफ्तार' किया जाए या मार ही क्यों न दिया जाए। लंबन की खबर तब सामने आई जब कबीर बहरामपुर में मुख्यमंत्री की एसआईआर विरोधी रैली के आयोजन स्थल पर बैठे थे, जहां तृणमूल ने उन्हें पहले आमंत्रित किया था। कबीर ने इसे 'जानबूझकर किया गया अपमान' बताया और कहा कि उनके खिलाफ 'साजिश' रची गई है। उन्होंने कहा, 'मुझे कोई पत्र नहीं मिला है।

लेकिन मैं शुक्रवार या सोमवार को विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा दे दूंगा।' कबीर ने कहा कि उनका नया संगठन अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में कुल 294 में से 135 सीट पर उम्मीदवार उतारेगा। सत्तारूढ़ पार्टी में लौटने से पहले कभी कांग्रेस, कभी तृणमूल और कभी भाजपा में रहे कबीर ने कहा कि बेलडांगा में छह दिसंबर का शिलान्यास कार्यक्रम रद्द नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी के लहजे में कहा, '(शिलान्यास कार्यक्रम में) लाखों लोग शामिल होंगे। अगर प्रशासन हमें रोकने की कोशिश करेगा, तो एनएच-12 जाम किया जा सकता है।' उन्होंने कहा कि उन्हें चुप कराने के लिए उनकी हत्या भी की जा सकती है। कबीर ने कहा कि अगर उन्हें रोका गया, तो वह धरने पर बैठेंगे और 'गिरफ्तारी देंगे'। उन्होंने कहा कि उन्हें

एक नजर

पांडातराई मंडल अध्यक्ष ने युवाओं से नशा जैसी कुरीतियों से दूर रहने की अपील की

कवर्धा 05 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पांडातराई मंडल अध्यक्ष प्रदीप पूरी गोस्वामी ने पंडरिया विधायक भावना बोहरा

की तारीफकरते हुएं बताया की पंडरिया विधान सभा में विधायक भावना बोहरा दीदी के मार्गदर्शन में गांवों और नगर में विकास की तस्वीर दिख रही है । युवाओं में नशा करने की बढ़ती आदत चिंताजनक है ओर युवाओं को समझना होगा की नशा नाश की जड़ है । सभी युवाओं से विनम्र अपील है की नशा जैसी कुरीतियो से दूर रहे । नशा मुक्त भारत अभियान की तारीफ करते हुए पांडतराई मंडल अध्यक्ष प्रदीप पूरी गोस्वामी ने कहा की पंचों , सरपंचों ओर पार्षदों एवं समस्त जनप्रतिनिधियों को नशा मुक्त अभियान के प्रति जागरूक करना चाहिए जिससे की नशा करने की आदत पूरी तरह खत्म हो जाए ।

लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते बाइक को मारी टक्कर, चालक घायल

भिलाई 05 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कंटेनर वाहन को तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक खतरनाक तरीके से चलाते हुए मोटरसाइकिल को टक्कर करने वाले आरोपी चालक पर पुलगांव थाने पुलिस ने अपराध दर्ज किया है इस घटना में गंभीर रूप से घायल मोटरसाइकिल चालक को अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां उसकी मौत हो गई थी जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि कंटेनर वाहन एन एल 01 एई 8057 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मोटर साइकिल चालक को टक्कर मार दी थी इसमें मोटरसाइकिल चालक तामेश्वर यादव निवासी ग्राम खपरी पोस्ट रसमड़ा थाना पुलगांव गंभीर रूप से घायल हो गया था उसे तुरंत जिला अस्पताल दुर्ग ले जाया गया वहां से उसे डीकेएस अस्पताल रायपुर उपचार के लिए भर्ती किया गया था जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी डीकेएस सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल रायपुर में कार्यरत वार्ड बॉय प्रार्थी सरोज कुमार कुर्रे की शिकायत पर अंजोरा चौकी पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ धारा 184, 106 (1) के तहत अपराध दर्ज किया है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

तेज रफ्तार बाइक गिरने से अधेड़ की मौत

भिलाई 05 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। फेरलेन सड़क पर कोसा नाला टोल प्लाजा के पास मोटर साइकिल अनियंत्रित होने से गिरकर अधेड़ की मौत हो गई मृतक राम बाबू महतो (55 साल) कोसा नगर सुपेला का रहने वाला है मामले में सुपेला थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया जानकारी के मुताबिक यह घटना अपनी मोटर साइकिल से घर लौट रहा था तभी कोसा नाला टोल प्लाजा के पास सड़क पर बने स्पीड ब्रेकर में उसकी मोटर साइकिल अनियंत्रित हो गई और वह गिर पड़ा इससे उसके सिर पर गंभीर चोट लगी और अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई

प्रधानमंत्री आवास की लाटरी 12 दिसम्बर को निगम सभागार में

भिलाईनगर 05 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। शासन की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) एएचपी आवास मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी संचालित किया जा रहा है। नगर निगम भिलाई क्षेत्र के मकानहीन परिवारों से मकान हेतु आवेदन जमा कराया गया है। आवासों का सक्षम स्वीकृति प्राप्त कर कुल अंशदान राशि का 10 प्रतिशत राशि तथा बेदखली व्यवस्थापन हेतु हितग्राही अंशदान राशि 75000 हजार निगम कोष में नियमानुसार जमा कराया जा रहा है। निगम सभागार कक्ष में दिनांक 12.12.2025 को दोपहर 12:30 बजे लाटरी आयोजित किया गया है। लाटरी में वरिष्ठ नागरिको एवं दिव्यांगजनों को प्राथमिकता के आधार पर भूतल के आवास तथा अन्य आवेदकों को आवास आबंटित किया जाना है। हितग्राही आवश्यक दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर लाटरी में शामिल हो सकते है। नगर निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय का सभी नागरिको से अपील है कि मकान प्राप्त करने निगम मुख्य कार्यालय के योजना शाखा में आवेदन कर सकते है।

6 विकारों का त्याग करने पर ही ईश्वर मिलते हैं: संत निरंजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई 05 दिसंबर। पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू धर्मपत्नी श्रीमती स्व.कमला देवी साहू जी की पुण्य स्मृति में गृह ग्राम पाऊवारा में आयोजित किए जा रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के द्वितीय दिवस में कथा के दूसरे दिन राजा परीक्षित जन्म और सुखदेव आगमन के प्रसंग का हुआ वर्णन

क्षेत्र के ग्राम पाऊवारा में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन गुरुवार को संत श्री निरंजन जी महाराज ने परीक्षित जन्म, सुखदेव आगमन की कथा सुनाई। जिसे सुनकर श्रोता भाव विभोर हो उठे। संत निरंजन महाराज लिमतरा आश्रम ने कहा कि जीवन मे काम क्रोध लोभ मद मोह मत्सर ये षडविकार है इसे त्याग कर ही प्रभु को प्राप्त किया जा सकता है। जीवन से दुर्गुणों का त्याग करे और सद्गुण को अपनाये। अभिमान पतन का मूल कारण है जो जीवन का विनास कर देता है इसलिए कभी भी अभिमान न करे। अभिमान के प्रकार बहुत है तन का, मन का, धन का, पद का, प्रतिष्ठा का, रूप का रंग का, बहुतही प्रकार के है अभिमान के वृक्ष में अभद्रता के पुष्प और विनास का फल तैयार होता है इसलिए अभिमान को त्यागे और जीवन मे प्रेम की प्रगाढ़ता को बढ़ाये। उक्त संदेस श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ ग्राम पाऊवारा जिला दुर्ग छ. ग. में चल रही नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। साहू परिवार के शुभसँकल्प से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस में राजा परीक्षित जन्म और सुखदेव आगमन की कथा पर आध्यात्मिक विवेचन करते हुए छत्तीसगढ़ के यशस्वी संत सद्गुरु संत श्री निरंजन महाराज जी श्री भागवत आश्रम लिमतरा ने कहा। संर श्री ने आगे कहा, प्रभु के दरबार मे न कोई छोटा बड़ा ऊंच नीच नही है सभी के लिए प्रभु का प्रेम बराबर है, इंसानियत से बड़ी कोई जाति नही न हम ब्राह्मण है न हम क्षत्रिय न हम वैश्य न हम शुद्र प्रभु कहते है सर्वप्रथम हम इंसान है और इंसान बन कर इंसानियत का त्याग मत कर। भगवान की तरह बनने की चाहत तो सभी को होती है लेकिन भगवान बनने की चाहत को छोड़ कर जिस दिन हम इंसान बन गए तो मानो राम राज्य स्थापित हो गया।आज पशुओं के अंदर मानवीय संवेदना देखने को मिलती है इसलिए इंसान बने।

भक्त के प्रेम में वशीभूत होकर परमात्मा बन्धन में बंध जाते है, संसार में जीव का अस्तित्व कन्या की भांति है जैसे कन्या अपने नैहर से बिदा ले ससुराल जाकर सबको मानती है तो पति को जानती है ऐसे ही हम सब जीव कन्या की भांति है जब तक इस संसार रूपी नैहर से बिदा नही लेंगे तब तक श्याम पिया से मिलन सम्भव नही।

जीव और शिव दोनो एक ही है दोनो में कोई अंतर नही, किसी के प्रति अमंगल की भावना से किया गया कोई भी यज्ञ सफल नही होता और इसका उदाहरण दक्ष के यज्ञ का विनास है । भगवान शंकर विश्वास के प्रतीक है श्रद्धा बदलती है बढ़ती है परिवर्तित होता है लेकिन विश्वास अटल रहता है बिना विश्वास के भगवान की भक्ति सम्भव नही।

सरस्वती साइकिल योजना से छात्राओं के जीवन में आ रहा बदलाव

स्वामी आत्मानंद स्कूल पतोरा की 21 छात्राओं को बांटी गई साइकिलें

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई 05 दिसंबर। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती सायकल योजना छात्राओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। इस योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर एवं पात्र छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें उपलब्ध कराकर उन्हें स्कूल आने-जाने में सुविधा प्रदान की जा रही है, जिससे उनकी शिक्षा में निरंतरता और आत्मविश्वास दोनों में वृद्धि हुई है।इसी क्रम में मंगलवार को दाऊ बृजलाल देवांगन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पतोरा में सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत 21 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरों पर उत्साह झलक

उठा। उन्होंने बताया कि अब स्कूल आने-जाने में समय और ऊर्जा की बचत होगी, जिससे वे अपनी पढ़ाई पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगी।

सरकार की इस योजना के माध्यम से अब तक लाखों छात्राओं को साइकिलें प्रदान की जा चुकी हैं। इससे न सिर्फ उनकी उपस्थिति बढ़ी है, बल्कि शिक्षा के प्रति रुचि और आत्मनिर्भरता भी विकसित हुई है। विशेष रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं बीपीएल परिवारों की छात्राओं को इस योजना का लाभ मिल रहा है। साइकिल वितरण समारोह में मुख्य अतिथियों ने छात्राओं का अभिनंदन कर उन्हें साइकिलों की चाबियाँ सौंपीं। इस अवसर पर सरपंच भुनेश्वर साहू, उपसरपंच देवचरण कौशल, जनपद सदस्य चंद्रिका कलिहारी, पंचगण मुकेश चांदने, हेमचंद्र ठाकुर (हेमू), श्रीमती दीपक साहू, गोरेलाल श्रीवास, चूमन साहू, चित्रसेन कलिहारी, श्रीमती नेमबाई, श्रीमती राधा ठाकुर, श्रीमती डीलेश्वरी साहू, मनोज साहू, श्रीमती कमलेश्वरी साहू, श्रीमती एकता साहू, श्रीमती कामिन देशलहरे, श्रीमती जामुन ठाकुर, श्रीमती सरस्वती साहू, श्रीमती दीप्ति श्रीवास, अध्यक्ष सेजस टीकाराम देवांगन, विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य प्रीतिबाला साहू, शिक्षक-शिक्षिकाएँ सविता गणवीर, सुनीता लोखंडे, कोमल सिंह बंजारे, योगिता शर्मा, रामेश्वरी नेताम, पूनम बिचपुरिया, सविता सिंह, लोकेश विश्वकर्मा, नीलमणि साहू सहित अनेक पालकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

चोरी की बाइक चलाने वाला जांच में पकड़ाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई 05 दिसंबर। यातायात पुलिस ने बुधवार की रात को चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोककर जांच की। जांच के दौरान पूछताछ में युवक ने चोरी की बाइक का होना स्वीकार और फर्जी नंबर प्लेट लगाकर घूमना बताया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात ऋचा मिश्रा ने बताया कि 3 दिसंबर को सुरक्षा अभियान के तहत यातायात पुलिस द्वारा डीपीएस चौक में पॉइंट ड्यूटी चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोका वाहन पर लगे नंबर प्लेट को जब चेक किया गया तो पाया गया कि बाइक के चेसिस नंबर और पंजीयन नंबर में गंभीर असंगति है। ऐप पर दिखाई दी जानकारी संदिग्ध वाहन से मेल नहीं खा रही थी तुरंत ही उक्त रजिस्ट्रेशन नंबर के वास्तविक स्वामी से संपर्क किया गया वाहन मालिक ने

बताया कि उनकी गाड़ी उनके घर पर खड़ी है असली वाहन स्वामी का दोपहिया वाहन उनके घर पर सुरक्षित खड़ा है और उन्होंने किसी को वाहन उपयोग की अनुमति भी नहीं दी है। पूछताछ में युवक ने चोरी की बाइक का होना स्वीकार किया। पुलिस ने बताया कि वह जिस मोटरसाइकिल पर सवार था वह चोरी की है। युवक ने यह भी बताया कि चोरी की बाइक पर दूसरे वाहन का नंबर प्लेट लगाकर वह लंबे समय से उपयोग कर रहा था इसके बाद यातायात पुलिस ने तुरंत मोटरसाइकिल और संदेही युवक को पकड़कर थाना भिलाई नगर की पेट्रोलिंग टीम को सूचना देकर मौके पर बुलाया पुलिस टीम ने आरोपी और वाहन को आगे की कार्रवाई के लिए थाने सुपुर्द किया प्राथमिक जांच में चोरी की अन्य वारदातों में भी संदेही की संलिप्तता की आशंका जताई जा रही है, जिसके लिए पुलिस आगे की जांच करेगी। इस वाहन का किया उपयोग किन-किन वारदातों में हो चुका है, इसकी भी जांच की जा रही है।

आयुक्त ने खुर्सीपार क्षेत्र का किया निरीक्षण व निगम की आय और मूलभूत सुविधाएं बढ़ाने पर दिया जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाईनगर 05 दिसंबर। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने आज जोन-4 खुर्सीपार क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निगम की आय में वृद्धि करने के उपायों, मूलभूत नागरिक सुविधाओं की स्थिति और प्रस्तावित विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। आयुक्त ने पावर हाउस बस स्टैंड के पास स्थित खाली पड़े निर्मित भवन का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को इस भवन को किसी प्राइवेट एजेंसी को किराए पर देने और किराया निर्धारित करने का निर्देश दिया, जिससे नगर निगम की आय में वृद्धि हो सके। वार्ड क्रं. 51,

शहीद वीर नारायण सिंह नगर में एक भवन में संचालित प्राइवेट स्कूल का भी आयुक्त ने निरीक्षण किया। आयुक्त ने वार्ड के मोहल्लों का भ्रमण कर पेयजल आपूर्ति और साफ-सफाई व्यवस्था का गहन जायजा लिया। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से संवाद किया और उनसे एसआईआर (स्ट्रक्र) फार्म भरने से संबंधित चर्चा भी की। खुर्सीपार गेट पर प्रस्तावित रोड निर्माण स्थल का अवलोकन किया गया। आयुक्त ने उपस्थित इंजीनियरों को आवश्यक निर्देश देते हुए तत्काल प्रस्ताव तैयार कराने के लिए निर्देशित किए हैं। इस औचक निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त के साथ जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उप अभियंता, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, परगनिया सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

एनएसएस के लगाए स्वास्थ्य शिविर का लाभ 114 ग्रामीणों को मिला

मटंग स्कुल में एनएसएस शिविर के तीसरे दिन हुए विविध कार्यक्रम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई 05 दिसंबर। चन्दूलाल चन्द्राकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाटन द्वारा ग्राम कैसस मटंग में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के आयोजन के तीसरे दिन कार्यक्रम की शुरुवात प्रातः पाँच बजे प्रभातफेरी से हुई। प्रभातफेरी के तत्पश्चात योग, आणायाम एवं शारीरिक व्यायाम, खवं प्रेरक वचनों के माध्यम से स्वयं-सेवकों को स्वास्थ्य के जागरकता प्रदान किए। तत्पश्चात परियोजना कार्य 8.30 बजे प्रारंभ किया गया। परियोजना कार्य के प्रथम चरण में स्वच्छता ही सेवा है, संस्कार स्वच्छता, स्वभाव स्वच्छता थीम पर आधारित इस कार्यक्रम का आरंभ प्राथमिक शाला परिसर -सफाई से हुआ। गार्डन, मुख्य द्वारा, प्राथमिक शाला प्रागंण, सार्वजनिक मंच एवं शाला मुख्यद्वार की साफसफाई ,सेलूद रोड में ग्रामीण सड़के

के किनारे, सतनामी पारा में गली, नालियों एवं जैतखाम , गाडाडीह मुख्य रोड के किनारे सफाई कार्य को पूर्ण किया। सफाई अभियान के पश्चात परियोजना कार्यक्रम के दूसरे चरण मे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाटन के उप स्वास्थ्य केन्द्र गाड़ाडीह के संयुक्त सहयोग से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भी आयोजन विया गया जिसमें कुल 114 नागरिकों , विद्यार्थियों व स्वयं सेवको का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा निशुल्क दवाई का वितरण किया गया ।

बौद्धिक परिचर्चा में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. बी. एम. कठैतिया (खण्ड चिकित्सा अधिकारी) एवं श्रीमती सावित्री अग्रवाल (ऋाह्), श्री मिथलेश साहू (ऋाह्), श्री अंटेश्वर साहू (ऋाह्) श्री??? अंजू निशा शर्मा (ऋ॥.ह्.), श्रीमती मौसमी गौरे (ऋाह्) श्री नील कमल साहू (ऋाह्) एवं श्री उत्तम मधुकर (सुपरवाइजर) श्रीमती चित्ररेखा देवांगन (रु॥.ङ्क.) एवं आँख रोग विशेषरा डॉ. एम आर शेख विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सामुदायिक स्वास्थ्य पान केन्द्र व उपस्वास्थ्य केन्ड गाड़ाडीह से पधारे सावित्री अग्रवाल ने महिला संबंधी रोग के बारे को जानकारी दी। उन्होने अपने उद्?बोधन में महिलो के मासिक धर्म के अनियमितता, स्तन संबंधी जानकारी, स्त्रीगुप्त रोग मुंह के बले, केन्सर एवं मानसिक स्वास्थ्य के विषय पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होने मानसिक रोगियों के लक्षण, परिणाम । समाधान को अच्छे से समझाया। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थो का सेवन, आत्महत्या, गलत आचरण, नींद न आना चिडचिडापन गुस्सा होना, ठीक से खाना न खाना मत न लगना जैसे लक्षण मानसिक रोगी के लक्षण है। उन्होंने मानसिक रोगों के निवारण के लिए भरपूर नींद लेने अच्छा भोजन करना, सामाजिक रहने दोस्तो के बातें करना नशा न करना जैसे साधन उन्होंने बताया । विशिष्ट अतिथि श्री उत्तम मधुकर (सुपरवाइजर) के आज के स्वास्थ्य शिविर के संदर्भ में विस्तार जानकारी दी। श्रीमती चिवरे वा देवांगन जी ने,द्वस्वह्य रोग के कारण लक्षण एवं उपाय बताया वहीं श्रीमती अंजू निशा वर्मा (ऋाह्) ने सिकलिम के कारण एवं उनसे होने वाले नुकसान से अवगत कराया । । प्रो. डी. के भारद्वाज ने बताया कि रक्त ही हमारा शरीर है÷ आगे कहा कि रक्त है-तो शरीर है रक्त नहीं रहेगा तो, शरीर नहीं रहेगा, संध्या को सांस्कृतिक कार्यकम चाक सुमित, दिपिका, खुशी कु0 डिम्पल, सुजाता, मोमिन, कुमकुम ने समूह नृत्य प्रस्तुत किए।

समाचार संक्षेप

जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने नशे से दूर रहने का संदेश दिया

कवर्धा 05 दिसंबर। जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशा मुक्त अभियान का संदेश दिया । सभी युवाओं से विनम्र अपील की नशा से दूर रहे क्योंकि नशा नाश की जड़ है । धरातल पर नशा मुक्त अभियान को उतारने की बहुत जरूरत है क्योंकि युवाओं में भी नशे की आदत लगातार बढ़ रही है जो की चिंताजनक है । नशे से दूर रहना चाहिए क्योंकि नशा से बहुत सारी बीमारी की संभावना रहती है । जिला पंचायत कबीरधाम में दिलीप साहू , समाजसेवी दुर्गेश वर्मा सहित लोग उपस्थित रहे ।

गांजा तस्करी से कमाई गई पिता-पुत्र की दो करोड़ से अधिक की संपति सीज

दुर्ग 05 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पुलिस ने गांजा तस्करी से कमाई गई पिता-पुत्र की दो करोड़ से अधिक की संपत्ति सीज कर दी है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत इन आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की थी। मामले में एन्ड टू एन्ड कार्रवाई करते हुए जब्त संपत्ति के अटैचमेंट व अग्रिम कार्रवाई के लिए प्रकरण को सफेमा कोर्ट मुंबई भेजा है भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि मादक पदार्थ एवं नशा के विरूद्ध चलाये जा रहे ऑपरेशन विश्वास के दौरान दुर्ग पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के आदतन आरोपी रूआबांधा निवासी पिता-पुत्र नंदू कन्नौजिया एवं रोहित कन्नौजिया के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 68 (एफ) के तहत कार्रवाई की गई है गौरतलब हो कि रूआबांधा निवासी नंदु कन्नौजिया पिता स्व. गोपाल कन्नौजिया (57 साल) एवं उसके पुत्र रोहित कन्नौजिया (26 साल) दोनों लम्बे समय से मादक पदार्थ गांजा का अवैध व्यापार कर रहे थे उनके विरूद्ध पुलिस समय-समय पर 8 से अधिक एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण कायम कर कार्रवाई की गई है। इसके बावजूद भी आरोपी चोरी छिपे लगातार मादक पदार्थ का अवैध व्यापार किये जाने की पुष्टिकृत जानकारी प्राप्त हो रही थी। जांच के दौरान दोनों पिता-पुत्र मादक पदार्थ गांजा के अवैध व्यापार से स्वयं एवं परिजनों के नाम से करोड़ों की चल-अचल संपत्ति अर्जित किया जाना पाया गया पुलिस की विवेचना एवं जांच के दौरान आरोपी पिता-पुत्र ने उक्त समस्त चल/अचल संपत्ति मादक पदार्थ गांजा के अवैध व्यापार से अर्जित किया जाना पाये जाने से उक्त समस्त संपत्ति को एनडीपीएस एक्ट की धारा 68 (एफ) के तहत जब्त किया और उक्त संपत्ति की विधिवत जब्ती एवं अटैचमेंट की कार्रवाई के लिए प्रकरण प्रशासक एनडीपीएस / सफेमा कोर्ट भारत सरकार मुंबई को भेजा गया है पुलिस ने इन सामानों की जब्ती की भिलाई नगर सीएसपी ने बताया कि रूआबांधा स्थित भिलाई इस्पात संयंत्र की भूमि पर निर्मित मकान एवं दुकान कीमती लगभग 70 लाख रुपए, रोहित कन्नौजिया के नाम से सरस्वती कुंज रिसाली में आलीशान मकान कीमती लगभग 95 लाख रुपए एवं पुत्री निशा कन्नौजिया के नाम से ग्राम धनोरा में भूमि एवं भवन कीमती लगभग 37 लाख रुपए का क्रय/निर्माण किया जाना पाया गया। इसी प्रकार इनके द्वारा मादक पदार्थों की बिक्री से प्राप्त अवैध आय से दो पहिया वाहन कीमती लगभग 1.50 लाख रुपए का क्रय किया जाना एवं विभिन्न बैंक खातों मे लाखों रूपये जमा होना पाया गया है दुर्ग पुलिस का बड़ा एक्शन, गांजा बेचकर अवैध कमाई करने वालों पर कार्रवाई।

मच्छरजनित रोगों की रोकथाम के लिए निगम चला रहा सघन अभियान

भिलाई नगर 05 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। निगम क्षेत्रांतर्गत नागरिकों को मच्छर जनित रोग जैसे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया से सुरक्षित रखने के लिए आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देशों पर एक व्यापक जन जागरूकता और मच्छर उन्मूलन कार्यक्रम जोर-शोर से चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत निगम का विशेष दस्ता और जिला मलेरिया विभाग के सर्वेलेंस कार्यकर्ताओं की संयुक्त टीम घर-घर जाकर सर्वेक्षण कर रही है और मच्छर प्रजनन स्रोतों को समाप्त करने का कार्य कर रही है। निगम द्वारा गठित विशेष दस्ता के नेतृत्वकर्ता वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के.के. सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 01 अप्रैल 2025 से 30 नवंबर 2025 तक चलाए गए सघन अभियान के दौरान महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की गई हैं। कुल सर्वेक्षण किए गए घर 16,168 जांच किए गए और खाली कराए गए मच्छर प्रजनन स्रोत कुल 8,825, कूलर 3,327, टंकी 2,370 ड्रम/कंटेनर 3,096 अन्य स्रोत से 32 लार्वा नियंत्रण हेतु छिड़काव 13,253 घरों के 8,864 कूलरों में पानी मिश्रित एक्यूगार्ड का छिड़काव किया गया। 19,125 कूलरों में पानी मिश्रित मैलाथियान का छिड़काव कार्य कराया गया। निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने इस अवसर पर नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि, मच्छर अपने जीवन काल की प्रारंभिक तीन अवस्थाएं - अण्डा, लार्वा और प्यूपा - पानी में ही पूरी करते हैं।

एक नजर

सोसायटी प्रबंधन ने पूरा धान नहीं खरीदा,महिला का आरोप

बलौदा बाजार 05 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले के सिमगा क्षेत्र से धान खरीदी में गंभीर अनियमितता का मामला सामने आया है। लांजा गांव की एक महिला किसान का आरोप है कि उसके पूरे 200 क्विंटल धान का टोकन जारी होने के बावजूद सोसायटी प्रबंधन ने पूरा धान नहीं खरीदा और न ही तौलाई की। किसान का कहना है कि उसका धान कई दिनों से सोसायटी में ही पड़ा है, जिसकी चोरी या नुकसान होने की आशंका बनी हुई है। बताया जा रहा है कि ग्राम लांजा निवासी चन्द्रकला साहू ने 200 क्विंटल धान का ऑनलाइन टोकन कटवाया था और 25 नवंबर को जब वह अपना पूरा धान लेकर ग्रामीण सहकारी सोसायटी पौसरी पहुंची। लेकिन उनके मुताबिक सोसायटी प्रबंधक ने न तो पूरा धान तौला और न ही खरीदी की प्रक्रिया पूरी की। किसान का आरोप है कि जानबूझकर मनमानी की जा रही है और उन्हें अकेली महिला समझकर मानसिक व आर्थिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। पूरा धान कई दिनों से सोसायटी परिसर में रखा है, जिससे चोरी या क्षति का खतरा बढ़ गया है। चन्द्रकला साहू ने कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत कर प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर उनके टोकन के अनुसार सम्पूर्ण धान खरीदी कराने की मांग की है।

मंडई मेला का आयोजन 6 को

डोंगरगढ़-पारागांव खुर्द 05 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम पारागांव खुर्द में 06 दिसंबर शनिवार को मंडई मेला का आयोजन रखा गया है जिसमें रात्रि में छत्तीसगढ़ी महके मोंगरा नाच पार्टी खुर्दनी (गुरूर) जिला बालोद वालो का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर ग्राम प्रमुख अजय मानिकपुरी एवं सरपंच कमलेश्वर वर्मा ने जानकारी देते हुए आसपास क्षेत्र के ग्रामवासियों से आयोजित कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर मेला मंडई कार्यक्रम का लुफ्त उठाने की अपील की गई है।

राज्य में सर्वाधिक रकबा समर्पण राजनांदगांव जिले में

राजनांदगांव 05 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले के 96 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से किसानों से धान खरीदी का कार्य किया जा रहा है। जिले में कुल 131437 कृषकों द्वारा कुल 149402.17 हेक्टेयर रकबा का पंजीयन कराया गया है। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार किसानों को धोखे में रखकर अवैध धान किसानों के रकबे में धान बेचने का प्रयास करने वाले कोचियों एवं बिचौलियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन की अपील पर जिले के किसानों द्वारा अपने उपज का सम्पूर्ण धान बेचने के बाद स्वेच्छा से रकबा समर्पण के कार्य में शासन का सहयोग किया जा रहा है। जिसके तहत आज ग्राम धरमुटोला के किसान श्री सुनेश मंडावी द्वारा 4.14 एकड़, ग्राम मगरधोखरा के किसान श्रीमती गंगा बाई द्वारा 1.42 एकड़ एवं ग्राम हालेकोसा के किसान श्री तिजऊ राम द्वारा 1.87 एकड़ रकबा का समर्पण किया गया है। इसी प्रकार आज 1015 किसानों ने स्वेच्छा से 239 एकड़ रकबा का समर्पण किया है। जिले में अब तक 5781 किसानों द्वारा स्वेच्छा से 1190.21 एकड़ रकबा समर्पण किया गया है।

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

राजनांदगांव 05 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम स्कूल मैदान एवं गांधी सभागृह राजनांदगांव में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर दिव्यांगजनों के लिए खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने हरी झंडी दिखाकर खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। जिसमें 500 से अधिक बालक-बालिकाएं व युवा दिव्यांगजन शामिल हुए। दिव्यांगजनों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिले के विभिन्न विकासखण्डों से आये हुए स्कूली दिव्यांग बच्चे एवं शासकीय समर्थ स्कूल, स्वैच्छक अनुदानित संस्था अभिलाषा, आस्था, मनोकामना के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मोहक प्रस्तुति दी गई। आस्था श्रवण बाधित संस्था के द्वारा खाटू-श्याम शानदार नृत्य व शंशाक गांधी के भजनों की सुमधुर प्रस्तुति ने उपस्थित सभी दर्शको का दिल जीत लिया। विजयी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह, मेडल भेंट कर सम्मानित किया गया।

पंथश्री उदितमुनिनाम साहेब का धर्मनगरी डोंगरगढ़ में प्रथम आगमन, व्यवस्था में जुटे केडीवी मिशन कबीरपंथी प्रतिनिधि

- श्री सदगुरु कबीर संत समागम समारोह, जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला राजनांदगांव छत्तीसगढ़

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 05 दिसंबर। श्री सदगुरु कबीर-धनीधर्मदास-वंशावली दामाखेड़ा के 16वें वंश प्रतापाचार्य परम पूज्य पंथश्री हुजुर उदितमुनिनाम साहेब कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा का प्रथम आगमन धर्मनगरी डोंगरगढ़ में दिनांक 10 दिसंबर 2025 को होने जा रहा है । पंथश्री का कार्यक्रम मेला ग्राउंड स्थल डोंगरगढ़ में आशीर्वचन, भेंटबंदगी, सत्संग के रूप में होना है। जिसमें राजनांदगांव जिला सहित छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों से हजारों की संख्या में कबीर पंथी अनुयायी आएंगे। उक्त कार्यक्रम को लेकर केडीवी मिशन के जिला प्रतिनिधि आज डोंगरगढ़ मेला स्थल का निरीक्षण किया एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई जिसमें अ ल ग - अ ल ग विभाग के प्रभारी बनाकर उन्हें उनके कार्यभार सौंपा गया। पंतश्री हुजूर उदितमुनिनाम साहेब का आगमन 10 दिसंबर दिन बुधवार को दोपहर 12:00 बजे आगमन होगा। शोभा यात्रा के लिए रूट मैप तैयार किया गया। हाईस्कूल से गोल बाजार, बुधवारी पारा, रेलवे चौक, जयस्तंभ चौक, अंडरब्रिज होकर मेलाग्राउंड कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। केडीवी मिशन कबीरपंथी समाज जिला राजनांदगांव छत्तीसगढ़ प्रतिनिधि के रूप में श्री उत्तम साहू जी, श्री नंद किशोर साहू जी, श्री चुमन दास साहू जी, श्री लीलदास महंत जी, श्री गोपाल मानिकपुरी जी, श्री योधन साहू जी, श्री महेश साहू जी, श्री नेमचंद साहू जी, श्री भीखम साहू जी, श्री कोमल साहू जी, श्री रामजी तराने जी, श्री कामेश साहू जी, श्री घनश्याम साहू जी, श्री पुरुषोत्तम मानिकपुरी जी, दुर्गा साहू, श्री राजू मानिकपुरी जी, श्री पुहुक साहू जी, श्री बुधराम साहू जी, श्री लोचन मानिकपुरी जी, श्री निर्मल साहू जी, श्री छबील साहू जी, श्री राजकुमार गहरवार जी एवम बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहे।

19013 हितग्राहियों को 6 करोड़ से अधिक राशि की सामग्री एवं चेक वितरित

हमारी सरकार जनता के हित में वचनबद्ध होकर कर रही कार्यः मुख्यमंत्री साय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर, 05 दिसंबर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के ग्राम सुहेला में आयोजित भूमिपूजन एवं लोकार्पण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने जिले को नई सौगात देते हुए बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में 195 करोड़ 26 लाख रुपये की लागत के 192 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर सुहेला में नवीन महाविद्यालय की स्थापना और सुहेला तिगड्डे में तीनो सड़कों पर एक -एक किलोमीटर तक डिवाइडर निर्माण और लाईट लगाने की घोषणा की। इसके साथ ही तिल्दा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण हेतु 2 करोड 50 लाख एवं बलौदाबाजार में शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन निर्माण हेतु 1 करोड़ 21 रुपये देने, बलौदाबाजार में नवीन व्यावसायिक परिसर का निर्माण करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने जिले के 50 धान उपार्जन केंद्रों में 10-10 लाख रुपए की लागत से किसानों के आराम के लिए शेड निर्माण की भी घोषणा की।इस अवसर पर उप,मुख्यमंत्री श्री अरुण साव, राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा, जिले के प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि सुहेला की पावन भूमि में 195 करोड़ 26 लाख रुपए की लागत के 192 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण हुआ है। धान कटनी के समय में भी आप सभी अपने व्यस्ततम दिनचर्या से समय निकालकर आए हैं। आज बड़े-बड़े कार्य का लोकार्पण भूमिपूजन हुआ है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की चिंता हर घर में पक्का मकान, शौचालय निर्माण, हर घर में शुद्ध पेयजल, हर घर में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली पहुंचे, इस ध्येय को पूरा करने के उद्देश्य से आपके जिले को यह सौगात मिली है। हमारी सरकार जनता के हित में वचनबद्ध होकर कार्य कर रही है। श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ पृथक राज्य बने 25 वर्ष हो रहे हैं। हम छत्तीसगढ़ का रजत जयंती महोत्सव मना रहे हैं। सरकार बनने से पहले प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी में हमने जितने वादे किए थे, सभी को एक-एक कर पूरे कर रहे हैं। 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल में प्रति एकड़ 21 क्विंटल की दर से धान खरीदी हो रही है। हमने तेंदूपत्ता संग्रहण दर प्रति मानक बोरा में वृद्धि करते हुए 5500 सौ रुपए किया। किसानों को दो साल का बकाया बोनस भुगतान किया। सीजीपीएससी में हमारे प्रदेश के युवाओं के साथ अन्याय करने वाले आज जेल की सलाखों में हैं। हमने पीएससी में पारदर्शी परीक्षा की व्यवस्था की। महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ बड़ी संख्या में महिलाओं को मिल रहा है।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष का उत्सव मना रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी ने बड़े ही मन से छत्तीसगढ़ पृथक राज्य का निर्माण किया था। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने उन्हीं की आकांक्षाओं का छत्तीसगढ़ बना रहे हैं। सभी मांगे तेजी से पूरी हो रही है। आवास, अस्पताल, सड़क, नाली, बिजली जैसे कार्य हो रहे हैं। आप छत्तीसगढ़ के किसी भी कोने में जाएं आपको विकास के कार्यों की तेजी दिख जाएगी।

राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ विकास की नई ऊंचाई छू रहा है। हमारे मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में विकास की तस्वीर बदल दी है। बड़े-बड़े काम आसानी से हो रहे हैं। अकेले बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में सौ करोड़ से ज्यादा के सड़कों की स्वीकृति मिली है। इसी तरह प्रदेश के हर जिले में जनता की मांगों के अनुरूप विकास के कार्य हो रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि आज बलौदाबाजार-भाटापारा जिले को करोड़ों की भूमिपूजन एवं लोकार्पण की सौगात मिली है। विकास का हर काम, तेजी से हो रहा है। एक-एक दाना धान की खरीदी जारी है।

कलेक्टर दीपक सोनी ने स्वागत प्रतिवेदन में कार्यक्रम में हुए लोकार्पण व भूमिपूजन सहित जिला प्रशासन द्वारा किये जा रहे कार्यो की जानकारी दी।

प्रमुख लोकार्पण कार्य

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत 12 करोड़ 87 लाख रुपये की लागत के 1073 आवास निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 1करोड़ 74 लाख रुपये की लागत के एकल नल जल योजना अमाकोनी,1 करोड़ 61 लाख रुपये की लागत के रिट्रोफिटिंग नल जल प्रदाय योजना हथबंद, 1 करोड़ 52 लाख रुपये की लागत के एकल नल जल योजना पौसरी , 1 करोड़ 44 लाख रुपये की लागत के एकल नल जल योजना सेम्हराडीह, 1 करोड़ 43 लाख रुपये की लागत के नल जल प्रदाय योजना खपराडीह शामिल है।

प्रमुख भूमिपूजन कार्य

लोक निर्माण विभाग द्वारा 49 करोड़ 17 लाख रुपये की लागत के बलौदाबाजार-रिसदा-हथबंद मार्ग मजबूतीकरण कार्य, 20 करोड़ 98 लाख रुपये की लागत के बलौदाबाजार के रिसदा बायपास मार्ग निर्माण, 15 करोड़ 59 लाख रुपये की लागत के बलौदाबाजार में इंडोर स्टेडियम काम्प्लेक्स निर्माण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 8 करोड़ 60 लाख रुपये की लागत के प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत 717 आवासों का निर्माण, जल संसाधन विभाग द्वारा 8 करोड़ 4 लाख रुपये की लागत के विकासखंड तिल्दा की कोल्हान नाले के पार सुंगेरा एनिकट निर्माण शामिल है।

5 करोड़ का सामान,चेक वितरण

कार्यक्रम में 19013 हितग्राहियों को 5 करोड़ से अधिक राशि का सामग्री एवं चेक वितरण किया गया। इसके अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास पूर्ण करने वाले 1073 हितग्राहियों को आवास की चॉबी सौंपी गई। प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना अंतर्गत 5000 किसानों को उनके अधिकार अभिलेख का वितरण, सायबर फ्रॉड प्रकरण के राशि वापसी का 27 लाख रुपये के चेक वितरण, श्रम विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को 83 लाख रुपये का चेक वितरण, आदिवासी विकास विभाग द्वारा 8333 छात्रों को 4 करोड़ 25 लाख पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना अंतर्गत 3000 हितग्राहियों को गैस सिलेंडर वितरण, छत्तीसगढ़ महिला कोष अंतर्गत महिला स्व सहायता समूहों एवं सक्षम योजना अंतर्गत 16 हितग्राहियों को 25 लाख रूपए का चेक वितरण, खादी ग्रामोद्योग द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अंतर्गत 10 हितग्राहियों को 9 लाख 69 हजार रुपये, हम होंगे कामयाब अंतर्गत 60 हितग्राहियों को 6 लाख 81 हजार रूपए का चेक वितरण शामिल हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष रायपुर नवीन अग्रवाल पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, प्रमोद शर्मा, लक्ष्मी बघेल, महिला आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा, जनपद अध्यक्ष सिमगा दौलत पाल ,जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णव, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, डीएफओ गणवीर धम्मशील, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, सरपंच मोगरा धृतलहरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से किसान हो रहे आर्थिक रूप से सशक्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 05 दिसंबर। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में तेजी से धान खरीदी कार्य किया जा रहा है। शासन किसानों के वास्तविक उपज को समर्थन मूल्य में खरीदी कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है। जिले के किसान आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे है। राजनांदगांव विकासखंड के धान उपार्जन केन्द्र सोमनी में ग्राम ईरा के किसान श्री डिलेश्वर प्रसाद साहू ने बताया कि वे 66 क्विंटल धान बिक्री करने आए हैं। उनके पास 8 एकड़ खेती जमीन है, जिसमें वे धान की उपज लिया है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी करने से उनकी उपज का वास्तविक दाम मिल रहा है और राशि भी शीघ्र खाते में मिल रही है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष धान बिक्री की राशि से वे खेती-किसानी को बढ़ाने के लिए ट्रेक्टर खरीदा था। उन्होंने बताया कि बहुत दिनों से ट्रेक्टर खरीदने का सोच रहे थे, लेकिन आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण नहीं खरीद पाए थे। पिछले वर्ष जैसे ही शासन द्वारा धान खरीदी करने पर उन्होंने धान विक्रय किया और एक मुश्त राशि मिलने पर ट्रेक्टर खरीदने की हिम्मत जुटा जाए। उन्होंने बताया कि समय पर खेती-किसानी कार्य करने के लिए सहुलियत हुआ है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की धान बिक्री की राशि से ट्रेक्टर की किश्त को पूरा करने में उपयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि किसान अपनी जरूरतों के साथ-साथ खेती-किसानी को बढ़ाने के लिए राशि का उपयोग कर रहे हैं। ग्राम ईरा के किसान श्री डिलेश्वर बताया कि धान उपार्जन केन्द्र में पर्याप्त मात्रा में बारदाने की उपलब्धता, पारदर्शिता तरीके से इलेक्ट्रानिक तौलाई, खाते में राशि अंतरण किया जा रहा है। धान उपार्जन केन्द्र सोमनी में किसानों के लिए बहुत अच्छी व्यवस्था रखी गई है। धान उपार्जन केन्द्र में पेयजल, छांव, चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध है। इसके लिए उन्होंने राज्य शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

रजत जयंती पर्व पर असनींद में वन हर्बल उत्सव का आयोजन

पौधारोपण से पर्यावरण संरक्षण एवं छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत के सम्मान का संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार,05 दिसंबर। रजत जयंती पर्व पर वन परिक्षेत्र सोनाखान अंतर्गत ग्राम असनीद के बजरंग चौक में वन हर्बल उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी सोनाखान दीपक कौशिक एवं उनकी टीम की उपस्थिति में औषधीय पौधों की पहचान, उनके औषधीय उपयोग, तेंदूपत्ता एवं अन्य लघु वनोपज के संग्रहण-प्रक्रिया तथा समर्थन मूल्य पर खरीद से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही क्षेत्रवासियों को वन विभाग की जन-हितैषी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई।इसी क्रम में बलौदाबाजार स्थित कृष्ण कुंज में जन प्रतिनिधियों, स्कूली छात्राओं एवं शिक्षकों की सहभागिता से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपवनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार निश्चल चंद्र शुक्ला द्वारा वृक्षों के महत्व, किसान वृक्ष मित्र योजना, पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु संतुलन के संबंध में जागरूकता संदेश दिया गया। रजत जयंती पर्व अंतर्गत स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यमिक स्कूल, बलौदाबाजार में रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों द्वारा वन एवं पर्यावरण संतुलन, वनस्पति एवं जैव विविधता का संबंध, ग्लोबल वार्मिंग, एवं वन संरक्षण में सूचना प्रौद्योगिकी की भूमिका जैसे विषयों पर आकर्षक रंगोलियाँ बनाई गईं। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल श्री अनिरुद्ध कश्यप एवं वनरक्षक मनमोहन टंडन उपस्थित रहे।

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डाढ़ाखार में एक पेड़ छत्तीसगढ़ महतारी के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम वन परिक्षेत्र अधिकारी बल्दाकछार श्री गीतेश कुमार बंजारे द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर खुड़मुड़ी की सरपंच श्रीमती विमला बाई चौहान, वन प्रबंधन समिति डाढ़ाखार के अध्यक्ष श्री कुमार सिंह गोंड, शिक्षकगण एवं स्थानीय ग्रामीण सहभागिता के साथ उपस्थित रहे। वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत के सम्मान का संदेश दिया गया।

वन परिक्षेत्र बल्दाकछार के ही ग्राम बरबसपुर में पक्षी महोत्सव के तहत वहाँ के बाँध में पाई जाने वाली पक्षी प्रजातियों की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। कार्यक्रम में गाँव के लोगों की सक्रिय उपस्थिति रही तथा वन प्रबंधन समिति बरबसपुर के अध्यक्ष श्री प्यारे लाल पटेल व अन्य ग्रामीणों को पक्षी संरक्षण के महत्व से अवगत कराया गया।

समाचार संक्षेप

मुख्यमंत्री का हेलीपेड पर किया आत्मीय स्वागत

बलौदाबाजार,05 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज हेलीकाप्टर से तहसील मुख्यालय सुहेला पहुंचे। मुख्यमंत्री के साथ उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव एवं राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा भी थे। दुर्गोत्सव मैदान हेलीपेड पर मुख्यमंत्री का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। स्वास्थ्य मन्त्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने गुलदस्ता देकर मुख्यमंत्री का स्वागत किये। कलेक्टर दीपक सोनी ने मुख्यमंत्री का हेलीपेड पर अगवानी की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, डीएफओ गणवीर धम्मशील,जिला अध्यक्ष आनंद यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री का धान से वजन कर अन्नदाताओं के उपज का किया गया सम्मान

बलौदाबाजार,05 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सुहेला में लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर विभागीय स्टॉल अवलोकन के दौरान सहकारिता विभाग द्वारा मुख्यमंत्री का धान से वजन कर अन्नदाताओ के उपज का सम्मान किया गया। मुख्यमंत्री ने उपस्थित किसानों से पसमर्थन मूल्य पर धान धान विक्रय के सम्बन्ध में बात की। किसानों धान खरीदी व्यवस्था की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री को अभिनन्दन पत्र भेंट किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव, राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा, स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने स्टॉल अवलोकन के दौरान पुलिस विभाग के स्टॉल में हेलमेट वितरण और दस गांवों के महिला कमांडों को नशा मुक्ति के उल्लेखनीय कार्यों हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया एवं हेलमेट वितरण किया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के स्टॉल में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का अवलोकन किया एवं पीएम आवास योजना के 10 हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपी। समाज कल्याण विभाग स्टॉल में 25 दिव्यांजनों को सहायक उपकरण ,कृषि विभाग के स्टॉल में 18 किसानों को सरसों, रागी और मसूर बीज का किया गया वितरण।कौशल विकास के स्टॉल से ÷हम होंगे कामयाब÷ के 60 युवाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

6 प्रकरणों में 24 लाख 75 हजार 40 रुपए मूल्य के 798.40 क्विंटल अवैध धान एवं 2 वाहन जब्त

राजनांदगांव 05 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान बिक्री की रोकथाम के लिए कोचियों एवं बिचौलियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। आने वाले समय में कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा अवैध धान की बिक्री करने की पुनरावृत्ति होने एवं संलिप्त पाए जाने पर अपराधिक प्रकरण भी दर्ज किए जा सकते हैं। इसी कड़ी में राजस्व, खाद्य, मंडी विभाग के संयुक्त दल द्वारा आज कुल 6 प्रकरणों में 24 लाख 75 हजार 40 रूपए मूल्य के 798.40 क्विंटल (1996 बोरा) अवैध धान एवं 2 वाहन जप्त किया गया। इसी तरह खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक कुल 150 प्रकरणों में 5 करोड़ 71 लाख 2 हजार 806 रूपए मूल्य के 18420.26 क्विंटल (46051 बोरा) अवैध धान एवं 11 वाहन जप्त किया गया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार आज राजनांदगांव अनुविभाग में 3 प्रकरण में 14 लाख 89 हजार 240 रूपए मूल्य के 480.40 क्विंटल (1201 बोरा) अवैध धान एवं 1 वाहन, डोंगरगढ़ अनुविभाग में 2 प्रकरण में 9 लाख 11 हजार 400 रूपए मूल्य के 294 क्विंटल (735 बोरा) अवैध धान एवं डोंगरगांव अनुविभाग में कुल 1 प्रकरणों में 74 हजार रूपए मूल्य के 24 क्विंटल (60 बोरा) अवैध धान व 1 वाहन जप्त किया गया है। इसी तरह खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक राजनांदगांव अनुविभाग में कुल 62 प्रकरणों में 3 करोड़ 34 लाख 3 हजार 120 रूपए मूल्य के 10775.20 क्विंटल (26938 बोरा) अवैध धान व 4 वाहन, डोंगरगढ़ अनुविभाग में 44 प्रकरण में 1 करोड़ 18 लाख 2 हजार 506 रूपए मूल्य के 3807.26 क्विंटल (9518 बोरा) अवैध धान व 2 वाहन तथा डोंगरगांव अनुविभाग में कुल 44 प्रकरणों में 1 करोड़ 18 लाख 97 हजार 180 रूपए मूल्य के 3837.80 क्विंटल (9595 बोरा) अवैध धान एवं 5 वाहन जप्त किया गया है।

कृषकों को उपलब्ध कराए जा रहे गुणवत्तायुक्त दलहन, तिलहन एवं गेहूं के बीज

राजनांदगांव 05 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम द्वारा प्रक्रिया प्रभारी राजनांदगांव के माध्यम से जिले में रबी वर्ष 2025-26 हेतु 9640 क्विंटल बीज भंडारण का लक्ष्य तय किया गया है। जिसमें चना 4000 क्विंटल, गेहूं 4600 क्विंटल, मसूर 300 क्विंटल, उड़द, मूंग एवं तिवड़ा मिलाकर 300 क्विंटल तथा अलसी 100 क्विंटल सहित अन्य फसलों का बीज पर्याप्त मात्रा में प्रक्रिया केन्द्र द्वारा समितियों में भंडारण किया जा रहा है। वर्तमान में 5108 क्विंटल बीज भंडारण जिले के सेवा सहकारी समितियों में किसानों को वितरण हेतु किया जा चुका है तथा 3000 क्विंटल बीज का उठाव कृषकों को किया गया है। प्रक्रिया केन्द्र में गेहूं किस्म जीडब्ल्यू-366, डीबीडब्ल्यू-222, जीडब्ल्यू-513, जीडब्ल्यू-273 तथा रतन व अन्य किस्म तथा चना में आरजी-202, आरबी-204, जाकी-9218 सहित अन्य किस्म पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

सबसे चर्चा करनी चाहिए व सुझाव लेना चाहिए

लोकतंत्र में कोई भी मुद्दा जो करोड़ो लोगों से जुड़ा हुआ है उसे जनता सहित सभी वर्गों से चर्चा कर, उनसे सुझाव लेकर लागू करना चाहिए। लोकतंत्र में लोकतांत्रिक ढंग से चुनी हुई सरकार जब ऐसा नहीं करती है तो लोगों को शक होता है,संदेह होता है,लोग उसका विरोध करते हैं। मोदी सरकार को जब मालूम है कि उसके सामने ऐसा विपक्ष है जो अपना सबसे बड़ा काम ही यही मानता है कि सरकार कोई योजना लाए, कोई भी कानून लाए, कोई काम सही नीयत से करे, उसका विरोध करना है और सरकार को उसे वापस लेने के लिए मजबूर करने का प्रयास करना है। लोकतंत्र में सरकार के पास बहुमत है, इससे बहुमत के आधार पर कोई कानून पास करवा तो सकती है लेकिन वह विपक्ष व जनता को उसका विरोध करने से कैसे रोक सकती है। लोकतंत्र में सबसे अच्छा तो यही होता है कि सरकार कोई मुद्दा हो, कोई भी कानून हो, उस पर आमसहमति बनाने का प्रयास करे। इससे ऐसा तो लगेगा कि सरकार ने आमसहमति बनाने की कोशिश तो की। जब वह बिना किसी से सलाह मश्वरा किए कोई काम करना चाहती है तो विपक्ष तो इसे विरोध करने का माकूल मौका समझता है।सरकार को कई कानून इसी वजह से वापस लेने पड़े है। क्योंकि सरकार ने मान लिया था वह देश हित व किसी वर्ग के हित में है। सरकार के मान लेने से कोई कानून देशहित में साबित नहीं होता है,कोई कानून तब ही देशहित में माना जाता है जब उसका बहुमत समर्थन करे। किसी भी कानून या योजना या मुद्दा को जब विरोध होता है तो लोगों को भी शक होता है कि यह ठीक है तो विरोध क्यों किया जा रहा है। संचार साथी एप ऐसा ही मुद्दा है। विपक्ष सहित

संपादकीय

देश के करोड़ो लोगो से कोई बात नहीं की गई,कोई सुझाव नहीं लिया गया और एक दिन अचानक लोगों को बताया जा रहा है कि संचार साथी सभी लोगों के लोगों के मोबाइल में अनिवार्य होगा। इसके लिए कंपनियों को आदेश दिया गया कि अब जो मोबाइल बनाए जाएं, उसमें अनिवार्य रूप से संचार साथी एप होना चाहिए। आने वाले समय में जो मोबाइल बाजार में आता उसमें संचार साथी एप अनिवार्य रूप से होता और उसे डिलीट भी नहीं किया जा सकता। विपक्ष तो ऐसे मुद्दे की ताक में रहता है जिससे वह भले ही साबित न करे कि सरकार कुछ गलत करना चाहती है लेकिन लोगों के मन में संदेह तो पैदा कर ही सकता है कि सरकार कुछ गलत करने के लिए ऐसा करना चाहती है। विपक्ष के लिए संचार साथी का मुद्दा ऐसा ही मुद्दा था। उसने सरकार पर आरोप लगाया कि वह लोगों की जासूसी कराना चाहती है, इसलिए वह संचार साथी एप को मोबाइल में अनिवार्य करना चाहती है। संचार साथी एप एक साइबर सिक्योरिटी टूल है इसे साइबर अपराध व धोखाधड़ी रोकने के लिए बनाया गया। यह फोन में रहने से गुम हुआ फोन आसानी से ढूंढा जा सकता है। इसलिए यह लोगों की सुरक्षा के लिए है। इसे 17 जनवरी 2025 को पेश किया गया है। यह कई तरह से उपयोगी है,50 लाख से ज्यादा लोग इस डाउनलोड़ कर चुके हैं। विपक्ष ने इसका विरोध इसलिए किया कि इसे अनिवार्य क्यों किया गया है। उसने इसी वजह से सरकार पर आरोप लगाया कि वह लोगों की जासूसी कराना चाहती है, इसलिए ऐसा करना चाहती है। विपक्ष के विरोध के बाद सरकार ने आदेश को बदला है और अब इस एप को डाउनलोड करना स्वेच्छा पर छोड़ दिया गया है। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा है कि यह एप वैकल्पिक है, आप उसे जब हटाना चाहें हटा सकते हैं,अगर इस्तेमाल न करना चाहें तो एप पर रजिस्ट्रेशन न करें। आप रजिस्ट्रेशन नहीं करेंगे तो एप निष्क्रिय रहेगा। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा है कि यह ऐप व्यक्गित डेटा व मैसेज नहीं पढ़ता है, न काल सुनता है।यह केवल वही नंबर या एसएमएस लेता हैजिसे यूजर खुद फ्राड या स्पैम रिपोर्ट करता है। यह ऐप फ्राड रोकने के लिए,चोरी के मोबाइल को ट्रेक करने के लिए है, फर्जी सिम पहचानने के लिए है। यह निगरानी नहीं लोगों की डिजिटल सुरक्षा के लिए है। सरकार को जो काम पहले करना था, वह काम उसने बाद में किया है। इससे सरकार की मंशा अच्छी होते हुए भी बैकफुट पर इसलिए जाना पड़ा कि वह आम सहमति के बिना इसे लागू करना चाहती थी। इससे विपक्ष को मौका मिलता है सरकार के प्रति लोगों में संदेह पैदा करने का कि सरकार कुछ गलत करना चाह रही थी हमने विरोध कर सरकार को गलत करने से रोका है, हमने सही किया है।

विश्व राजनीति के बदलते चेहरे का संकेत पुतिन का भारत दौरा

समसामयिक

मनोज कुमार अग्रवाल

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत के दौरे पर आ चुके हैं। एयरपोर्ट पर खुद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनका स्वागत किया है। पुतिन का यह दौरा व्यापार से लेकर रक्षा सौदों तक बेहद खास है। खासतौर पर ऐसे समय जब अमेरिका के राष्ट्रपित डोनाल्ड ट्रंप लगातार भारत और अमेरिका के रिश्तों को बिगाड़ने पर लगे हुए हैं। रूसी राष्ट्रपति के सम्मान में आज 5 दिसंबर प्राइवेट डिनर भी रखा गया है। इस वार्ता पर पश्चिमी देशों की पैनी निगाह है। नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर हो रही यह यात्रा चार साल बाद पुतिन की पहली भारत यात्रा है। इस दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग, व्यापार को बाहरी दबावों से बचाने और छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों में साझेदारी पर खास ध्यान दिया जाएगा।

5 दिसंबर को पुतिन को औपचारिक स्वागत के बाद 23वां भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन है , जहां दोनों नेता प्रमुख मुद्दों पर चर्चा करेंगे। समिट के बाद पुतिन आरटी के नए इंडिया चैनल का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उनके सम्मान में राजकीय भोज आयोजित करेंगी।पुतिन की यह यात्रा भारत-रूस रणनीतिक साझेदारी के 25 वर्ष पूरे होने के मौके पर हो रही है। यह साझेदारी अक्टूबर 2000 में शुरू हुई थी। दिसंबर 2010 में इसे बढ़ाते हुए 'स्पेशल एंड प्रिविलेज्ड स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' का दर्जा दिया गया था। पीएम मोदी और पुतिन की आज होने वाली बैठक कई मायनों में अहम है क्योंकि इसमें तेल सप्लाई बढ़ाने, न्यूक्लियर एनर्जी क्षेत्र में सहयोग के नए विकल्प खोजने और S-400 एयर डिफेंस सिस्टम व Su-57 फाइटर जेट जैसी डिफेंस डील्स पर चर्चा होने की उम्मीद है। बदलते भू-राजनीतिक माहौल में पुतिन का यह दौरा भारत-रूस की रणनीतिक साझेदारी की मजबूती और उसकी निरंतर अहमियत को दर्शाता है। आज रूस के रोसाटॉम के साथ छोटे मॉड्यूलर न्यूक्लियर रिएक्टर की डील पर भी मुहर लग सकती है।

भारतीय राजनयिक वीना सीकरी ने कहा, "यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण संकेत था कि हमारे प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति पुतिन का स्वागत करने के लिए स्वयं हवाई अड्डे जाने का निर्णय लिया। मुझे विश्वास है कि यह एक अत्यंत सफल यात्रा होगी। चर्चा के तीन-चार प्रमुख क्षेत्र रक्षा सहयोग होंगे। हम जानते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत और रूस द्वारा संयुक्त रूप से विकसित ब्रह्मोस मिसाइल और एस-400 वायु रक्षा प्रणाली वास्तव में मुख्य आकर्षण थे। राष्ट्रपति पुतिन ने कहा है कि वह प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए तैयार हैं। ये बहुत महत्वपूर्ण पहलू हैं, जिन पर हमारी सरकार निश्चित रूप से बहुत ध्यान से विचार करेगी। व्यापार के क्षेत्र में मुझे लगता है कि यह भी बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत को सोवियत संघ को अपना निर्यात बढ़ाना है। इन सभी पर व्यापार के संदर्भ में चर्चा की जाएगी।"

आपको बता दें कि वर्तमान भू-राजनीतिक परिस्थितियों विशेषकर शेषकर यूक्रेन युद्ध और एशिया में शक्ति संतुलन के बीच उनका यह दौरा कई मायनों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसलिए पुतिन का यह दौरा बदलते वैश्विक समीकरणों, बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था और भारत-रूस संबंधों के नए अध्याय की ओर इशारा है। सर्वविदित है विश्व राजनीति गहरे परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। एक ओर अमेरिका-चीन प्रतिस्पर्धा चरम पर है, दूसरी ओर यूरोप-रूस संबंध यूक्रेन युद्ध के कारण अभूतपूर्व तनाव में हैं। ऐसे में पुतिन का भारत आना यह दर्शाता है कि भारत वैश्विक शक्ति राजनीति के केंद्र में है और रूस के लिए रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण बना हुआ है। पुतिन की यह यात्रा इसलिए भी खास मानी जा रही है, क्योंकि जब पश्चिमी देश रूस को अलग-थलग करने की कोशिश कर रहे हैं, तब भारत गर्मजोशी से रूसी राष्ट्रपति का स्वागत कर रहा है। यह दिखाता है कि भारत अपनी विदेश नीति के फैसले खुद लेता है और किसी के दबाव में नहीं आता। इसे ही 'रणनीतिक स्वायत्तता' कहते हैं। पुतिन के इस दौरे को भारत और रूस के बीच रणनीतिक रिश्तों की मजबूती के तौर पर देखा जा रहा है।

एक रिपोर्ट के अनुसार इस दौरे से रूस की वैधता को मजबूती मिलेगी। इस दौरे के दौरान, दोनों देशों का मुख्य फोकस डिफेंस, एनर्जी, ट्रेड सेक्टर में सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाना होगा। इसमें डिफेंस सेक्टर में सहयोग, रियायती रूसी तेल की सप्लाई, स्थानीय मुद्राओं (रुपया-रूबल) में व्यापार पर चर्चा की जा सकती है। अमेरिका की ओर ओर से भारत पर लगाए टैरिफ के बाद इस दौरे को अहम् माना जा रहा है।

आपको पता है रूस और भारत के रिश्ते महत्वपूर्ण रहे हैं, वैश्विक राजनीति की बदलती तस्वीर के बावजूद भारत और रूस लगातार

एक-दूसरे के और करीब आ रहे हैं। कुछ महीने पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस की यात्रा पर गए थे, अब पुतिन भारत आ रहे हैं और इस दौरे पर पूरी दुनिया की नजरें टिकी हुई हैं। विशेषकर वैश्विक मंच पर जहां अमेरिका और चीन आपस में लगातार शक्ति संतुलन की प्रतिस्पर्धा में लगे हैं, वहीं भारत ऐसे समय में अपने हितों को प्राथमिकता देते हुए बहुपक्षीय संबंधों को संतुलित करने की कोशिश कर रहा है। भारत और रूस के बीच संबंध कोई नया नहीं है लगभग 70 वर्षों से यह रिश्ता सामरिक, कूटनीतिक और आर्थिक स्तर पर निरंतर मजबूती के साथ आगे बढ़ा है। 1971 की भारत सोवियत मैत्री संधि ने दोनों देशों के बीच विश्वास को वह नींव रखी, जो वैश्विक राजनीति के बदलते समीकरणों के बीच भी कायम रही। आज जब दुनिया नए शक्ति संतुलन, नए क्षेत्रीय तनावों और नई आर्थिक प्रतिस्पर्धाओं से गुजर रही है, ऐसे समय में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा अत्यंत त्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। यह यात्रा न सिर्फ सामरिक साझेदारी को मजबूत करेगी, बल्कि अमेरिका, चीन और यूरोपीय देशों के बदलते रुख के बीच भारत की स्वतंत्र विदेश नीति के संदेश को भी दोहराएगी। साथ ही दो कारणों से खास मायने रखता है। पहला, अमेरिका की ओर से भारत को लेकर रणनीति में बदलाव दिख रहा है, चाहे वह पाकिस्तान को बढ़ाया गया महत्व हो या भारत के लिए बढ़ाए गए टैरिफ हों, स्पष्ट संकेत देते हैं कि वाशिंगटन अब नई प्राथमिकताएं तय कर रहा है। डोनाल्ड ट्रंप की नई नीतियां भारत-अमेरिका संबंधों के भविष्य को जटिल बना रही हैं। दूसरा, रूस पश्चिमी प्रतिबंधों से जूझ रहा है और नई आर्थिक साझेदारियों की तलाश में है। इस बदलती परिस्थिति ने भारत और रूस को एक-दूसरे के और करीब आने की वास्तविक जरूरत पैदा की है। रक्षा क्षेत्र में भारत और रूस का सहयोग दशकों से अत्यंत मजबूत रहा है। भारतीय सेना के 60 एवं 70 प्रतिशत उपकरण रूसी तकनीक पर आधारित हैं। एस-400 मिसाइल सिस्टम, ब्रहमोस सुपरसोनिक मिसाइल, टी-90 टैंक, मिग और सुखोई फाइटर जेट, अकुला क्लास न्यूक्लियर सबमरीन ये सभी इस साझेदारी के प्रमाण हैं। अब जबकि वैश्विक राजनीति में तकनीकी श्रेष्ठता निर्णायक बन चुकी है, पुतिन की यात्रा से रक्षा के क्षेत्र में नए अध्याय जुड़ने की उम्मीद है। एस-500 जैसे अत्याधुनिक एयर डिफेंस सिस्टम, ब्रह्मोस के नए वेरिएंट, नए हेलिकॉप्टर और जेट्स पर संभावित समझौते भारत की सैन्य क्षमता को नई ऊंचाई दे सकते हैं। लेकिन इस दौरे का महत्व सिर्फ रक्षा तक सीमित नहीं है। रूस भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा का भी एक प्रमुख स्तंभ बन चुका है। यूक्रेन युद्ध के दौरान जब पश्चिमी देश रूस से दूरी बना रहे थे, भारत ने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देते हुए रूसी तेल खरीदना जारी रखा। अमेरिका से कडवाहट रूस से कच्चा तेल खरीदने से शुरू हुई भारत रूस से कच्चा तेल खरीदने वाले प्रमुख देशों में शामिल है। ऊर्जा क्षेत्र में यह सहयोग न सिर्फ आर्थिक रूप से लाभकारी है, बल्कि भू-राजनीतिक स्तर पर भारत की स्वतंत्रता और संतुलन की की नीति का भी प्रतीक है। एक रिपोर्ट के मुताबिक कुडनकुलम न्यूक्लियर प्लांट जैसे प्रोजेक्ट दोनों देशों की साझेदारी को और गहराई देते हैं। व्यापार और उद्योग के लिए भी यह यात्रा नए अवसर लेकर आ रही है। पश्चिमी कंपनियों के रूस से हटने के बाद अब भारतीय एक्सपोर्टर्स के लिए व्यापक संभावनाएं खुल रही हैं। फूड प्रोसेसिंग, कृषि, फार्मा, मशीनरी, डिजिटल सर्विसेज और एजुकेशन ऐसे क्षेत्र हैं, जहां भारत की कंपनियों को रूस में नई जगह मिल सकती है। विशेष रूप से, छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए नए शिपिंग रूट, वेयरहाउसिंग सुविधाएं और सहज पेमेंट सिस्टम जैसे समाधान इस दौरे के बाद संभव हैं। सीआईएस देशों तक पहुंच भी भारत के व्यापार को बड़ा भूगोल दे सकती है। जब अमेरिका भारत पर टैरिफ बढ़ा रहा है और यूरोप ऊर्जा संकट से जूझ रहा है, ऐसे समय में रूस से बढ़ता व्यापार भारत को स्थिरता और विविधता प्रदान करेगा। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कई समझौते होंगे। ये समझौते केवल दस्तावेज नहीं होंगे, बल्कि भारत एवं रूस संबंधों के भविष्य की दिशा तय करेंगे। नई तकनीक, नई रणनीति और नई अर्थव्यवस्था के इस दौर में दोनों देशों के बीच सहयोग न सिर्फ आज की जरूरत है, बल्कि आने वाले दशकों की मजबूती का आधार भी दे सकता है। इसलिए पुतिन की यह यात्रा दुनिया को यह संदेश भी देती है कि अंतरराष्ट्रीय संबंध केवल शक्ति के समीकरणों पर नहीं टिके होते, बल्कि भरोसे, इतिहास और साझा रणनीतिक सोच पर भी आधारित होते हैं। यह यात्रा अमेरिका के लिए भी एक संदेश बनेगी और भारत अपनी राजनीतिक स्वायत्तवता को बनाए रखने के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रमाणित करने में कामयाब रहेगा।

सू- दोकू क्र. 249

	6	3		8		1		4
8			3		4		7	
	4			5		8		
3		8			1		4	
	1			4		9		7
		4			2		1	
1				3		4		8
	8		2		9		3	
		9		1		2		5

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.248 का हल

6	7	9	2	4	5	3	1	8
2	1	8	3	7	6	9	5	4
7	6	4	5	2	8	1	3	9
3	8	1	6	9	7	2	4	5
9	2	5	4	1	3	8	6	7
8	3	7	9	6	4	5	2	1
5	4	2	8	3	1	7	9	6
1	9	6	7	5	2	4	8	3
4	5	3	1	8	9	6	7	2

शब्द सामर्थ्य - 249

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

ऊपर से नीचे

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 248 का हल

दा	ढ़ी	■	की	■	खा	मो	आ	म
वा	■	त	म	न्ना	■	■	जा	■
न	जा	क	त	■	बा	अ	द	ब
ल	■	ली	■	वि	ला	प	■	हा
■	अ	फ	सा	ना	■	मा	हि	र
दा	ब	■	■	श	गु	न	■	■
न	■	उ	प	का	र	■	शि	■
व	■	त्स	■	र	■	त	क	ला
■	सा	व	न	■	गु	रु	वा	र

राशिफल

मेष राशिः आज का दिन आपके लिए निवेश संबंधी मामले में अनुकूल रहने वाला है, क्योंकि आप आज शेयर मार्केट आदि में इन्वेस्टमेंट करने की प्लानिंग करेंगे और प्रॉपर्टी को लेकर भी कोई डील फाइनल हो सकती है। आपका कोई पुराना लेनदेन चुकता होगा और आप अपने आसपास रह रहे लोगों को पहचान कर चलें। आप अपनी किसी परिजन के घर मेल-मिलाप करने जा सकते हैं। किसी पैतृक संपत्ति से भी आपको धन लाभ होता दिख रहा है।

वृष राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपके घर किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। विद्यार्थी किसी प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं, जिसमें उन्हें जीत अवश्य मिलेगी। आपको बाहर के खाने पीने से परहेज रखने की आवश्यकता है। माताजी के आपकी किसी बात को लेकर खटपट हो सकती है। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा और बेवजह की भागदौड़ अधिक रहेगी।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है, लेकिन आप किसी की काम को लेकर योजना बनाकर चलें, क्योंकि आपकी सेहत में कोई गड़बड़ी हो सकती है। पार्टनरशिप में कोई काम करना आपको नुकसान देगा, इसलिए आज आप किसी पर आंख मूंदकर भरोसा ना करें। आपके कुछ शत्रु मित्र के रूप में हो सकते हैं, जिन्हें आपको पहचानने की आवश्यकता है। आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपकी कोई डील यदि लंबे समय से अटकी हुई थी, तो उसके भी फाइनल होने की संभावना है। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी और आपका विश्वास भी मजबूत रहेगा। पढ़ाई लिखाई पर आपका पूरा फोकस रहेगा। आप अपनी इनकम को लेकर थोड़ा सावधान रहें और किसी को धन उधार देने से बचें। आप आज किसी पिकनिक आदि पर जाने की योजना बना सकते हैं।

सिंह राशिः आज का दिन आपके लिए आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलने के लिए रहेगा। परिवार के सदस्यों के साथ आप समय बिताएंगे और आप जीवनसाथी से कुछ जरूरी मुद्दों को लेकर बातचीत कर सकते हैं, लेकिन सांसारिक सुखभोग के साधनों में वृद्धि होगी। यदि पारिवारिक मामलों में किसी बात को लेकर कोई कड़वाहट चल रही थी, तो उसे भी आप मिल बैठकर दूर करेंगे। कोई सरकारी काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा। बिजनेस में आपको अच्छा लाभ मिलेगा। परिवार में किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। आपको अपने किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती है। आपको अच्छे कामों के लिए कोई पुरस्कार भी मिल सकता है। भाईचारे की भावना आपके मन में बनी रहेगी।

तुला राशिः आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। आज आपके काम में कुछ गुप्त शत्रु उत्पन्न होंगे, जो आपकी समस्याओं को बढ़ाएंगे। जो विद्यार्थी विदेश जाकर पढ़ाई करना चाहते हैं, उन्हें कोई अच्छा अवसर हाथ लगेगा। राजनीति में आपको आपके कामों के लिए किसी सम्मान की प्राप्ति भी हो सकती हैं। आपको अपने किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा। आपको अपनी वाणी और व्यवहार में मधुरता बनाए रखनी होगी।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको छुटपुट लाभ की योजनाओं पर पूरा ध्यान देना होगा। आप कहीं घूमने-फिरने जाने के प्लानिंग करेंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आपको अपने किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा। आप किसी से कोई लेनदेन बहुत ही सोच समझकर करें। यदि आप अपने कामों को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड न रहें, तो वह उनकी समस्याओं को बढ़ा सकते हैं।

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए प्रभाव और प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। जीवनसाथी को आप कही घूमाने-फिराने लेकर जा सकते हैं। आपके सामने कुछ अनचाहे खर्च आ सकते हैं, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। आज आपकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है। नौकरी में कार्यरत लोगों को थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। रोजगार के तलाश में इधर-उधर भटक रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। वरिष्ठ सदस्यों का सहयोग आप पर बना रहेगा। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की तैयारी कर रहे हैं, तो वह कर सकते हैं। यदि आपने व्यवसाय में किसी काम को लेकर पार्टनरशिप की, तो वह भी दूर होगी। जो जातक सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा।

कुंभ राशिः आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी बात को लेकर क्रोध करने से बचना होगा। आपको अपने काम को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। बिजनेस में अकस्मात धन लाभ मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको अपने संतान से किए हुए वादे को पूरा करना होगा। यदि आपने किसी काम को लेकर कोई जोखिम लिया, तो बाद में इसमें आपको समस्या खड़ी हो सकती है।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। यदि आपको कोई शारीरिक समस्या लंबे समय से घिरे हुए थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है और आपको किसी कानूनी मामले में अच्छा खासा खर्च करना होगा, उसके बाद ही आपको सफलता हासिल होगी। आपको बिजनेस में मुताबिक काम मिल सकता है। आपको मन मुताबिक काम मिलने से खुशी होगी।

संघर्ष की आग में तपकर चमकता है इंसान

सुनील कुमार महला

संघर्ष ही जीवन है और मनुष्य को अपने जीवन में पल-पल संघर्ष करना पड़ता है। वास्तव में, संघर्ष बड़ी चीज है। जो संघर्ष से डरता है, वह जीवन के असली आनंद से वंचित रह जाता है।प्रकृति ने इंसान के अंदर जो सबसे बड़ी ताकत दी है, मनुष्य को संघर्ष करने की क्षमता। यही संघर्ष इंसान को आगे बढ़ने, सीखने, और जीवन में कुछ बड़ा बनने, कुछ कर गुजरने के लिए लगातार प्रेरित करता रहता है। कभी यह संघर्ष हमें दुख देता है, तो कभी कोई नया और सुंदर अनुभव देता है, लेकिन हर हाल में यह हमें जीवन में आगे बढ़ना ही सिखाता है। इंसान का पूरा जीवन-जन्म से लेकर मृत्यु तक-चुनौतियों और परीक्षाओं से भरा होता है, जिससे कोई भी बच नहीं सकता। इसलिए अगर हमें अपने लक्ष्य तक पहुँचना है, तो संघर्ष करना अनिवार्य है।संघर्ष को जीवन की बाधा नहीं, बल्कि सफलता की सीढ़ी कहा गया है। यह इंसान को तोड़ता नहीं, बल्कि उसे मजबूत बनाता है, सोच को परिपक्व करता है और उसे असली पहचान देता है।ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने यह बात कही है कि-'संघर्ष इंसान को मजबूत बनाता है, हार मानना उसे कमजोर।'चाणक्य का कहना है कि-' संघर्ष में मिला अनुभव किसी भी शिक्षा से अधिक मूल्यवान होता है।'स्वामी विवेकानंद जी ने यह बात कही है कि-'जिस दिन आपको कोई संघर्ष न मिले, समझ लेना आप गलत रास्ते पर चल रहे हैं।' कहना ग़लत नहीं होगा कि मनुष्य के जीवन में मिलने वाली हर सीख, समझ और सफलता किसी न किसी संघर्ष से होकर ही आती है। जैसे सोना आग में तपकर शुद्ध और चमकदार बनता है, उसी तरह इंसान भी कठिन परिस्थितियों से गुजरकर निखरता है। धन कमाना हो, ऊँचा पद पाना हो या करियर बनाना हो-कोई भी लक्ष्य बिना मेहनत और संघर्ष के हासिल नहीं होता। बहरहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि संघर्ष केवल धन और पद

तक सीमित नहीं है।स्वस्थ रहना भी अपने आप में एक निरंतर चलता रहने वाला संघर्ष है, जिसमें हमें आलस्य, गलत आदतों, बीमारियों और मानसिक तनाव से रोज़ लड़ना पड़ता है। आदमी स्वस्थ रहने के लिए टहलता है, अपनी डाइट, अपनी दिनचर्या का ध्यान रखता है,यह संघर्ष ही तो है।सच तो यह है कि जीवन का शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र हो, जहाँ बिना संघर्ष किए आगे बढ़ा जा सके। यही संघर्ष मनुष्य को भीतर से मजबूत बनाता है, उसे समझदार बनाता है और अंततः सफलता के शिखर तक पहुँचाता है। संघर्ष मनुष्य को तोड़ता नहीं, बल्कि उसे और बेहतर ढंग से गढ़ता है। वह बुद्धि को पैना करता है, उत्साह को जगाता है, विश्वास को मजबूत करता है और कल्पनाशक्ति को बढ़ाता है। यही वह चीज है, जो मनुष्य को अपने भीतर छिपे उस उद्देश्य की खोज करने के लिए प्रेरित करता है, जिसके लिए वह इस धरती पर आया है। यह आत्मसंतोष और आलस्य की नींद से बाहर निकालकर उसे जीवन की अनवरत गति में बनाए रखता है। मनुष्य की सबसे बड़ी शक्ति वही है, जो उसे सबसे बड़ी चुनौती देती है और यही सत्य है। शक्ति, चाहे शारीरिक हो या मानसिक, संघर्ष की ही उपज है। जो व्यक्ति चुनौतियों का सामना करता है, वह अंततः वही शक्ति प्राप्त करता है, जिसकी उसे अपनी विजय के लिए आवश्यकता होती है।जीवन की राह स्पष्ट है-गतिशील रहो या फिर समाप्त हो जाओ। यहां कोई अपवाद नहीं, कोई समझौता नहीं।यह लेखक एक प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक में यह पढ़ रहा था कि-'प्रकृति बताती है कि सबसे मजबूत वृक्ष वे नहीं हैं, जिन्हें सुरक्षा मिली हो, बल्कि वे हैं, जिन्होंने खुले मैदान में तूफानों का सीधे सामना किया हो।' संघर्ष का बेहतरीन उदाहरण प्रसिद्ध बॉक्सिंग खिलाड़ी मैरी कॉम हैं।वे संघर्ष की मिसाल हैं। मणिपुर के एक गरीब किसान परिवार में जन्मी मैरी कॉम ने अभाव, सामाजिक विरोध और संसाधनों की कमी के बीच बॉक्सिंग को अपना रास्ता बनाया। चोटें, असफलताएं और पारिवारिक जिम्मेदारियां उनके कदम रोक न सकीं। कठोर मेहनत और अटूट हौसले के बल पर वे 6 बार की विश्व चैंपियन बनीं और ओलंपिक पदक जीतकर भारत का गौरव बढ़ाया। मैरी कॉम साबित करती हैं कि संघर्ष से ही चैंपियन जन्म लेते हैं। लेकिन हर संघर्ष कुछ पीड़ा देता है, लेकिन यही पीड़ा मनुष्य को उसका सबसे बड़ा प्रतिफल भी देती है। याद रखिए कि इतिहास के हर सफल व्यक्तित्व ने अपना नेतृत्व संघर्षों की भट्टी में तपा है। इसलिए, संस्कृत में बड़े ही खूबसूरत शब्दों में कहा गया है कि-'उद्यमेन हि सिध्यन्ति कार्याणि न मनोरथैः।न हि सुप्तस्य सिंहस्य प्रविशन्ति मुखे मृगाः॥' तात्पर्य यह है कि-' कार्य केवल इच्छा करने से नहीं, बल्कि परिश्रम से सिद्ध होते हैं। सोए हुए सिंह के मुख में हिरण स्वयं नहीं आते।' इसलिए मनुष्य को यह चाहिए कि वह कभी भी संघर्ष से डरकर भागे नहीं, जीवन में पीछे नहीं हटे। ' याद रखिए कि महान व्यक्ति विपत्ति में बार-बार और अधिक दृढ़ बनते जाते हैं।

लोहा बस्तर का और नौकरी आंध्र में : कांग्रेस

- ज्ञापन जलाकर कांग्रेस नेताओं ने किया गुस्से का इजहार
- सीएमडी पर ज्ञापन लिए बिना ही जाने का लगाया आरोप

जगदलपुर 05 दिसंबर। कांग्रेस नेताओं ने एनएमडीसी के एमडी पर उनसे चर्चा किए बिना और ज्ञापन लिए बिना ही जाने का आरोप लगाया है। गुरुवार को यहां एनएमडीसी के महाप्रबंधक का दौरा था. इसे छुपाकर भी रखा रखा गया. इसकी भनक कांग्रेस नेताओं को लगने पर वे एमडी से मिलने तथा नगरनार व बचेली- किरंदुल परियोजना के विभिन्न विषयों पर चर्चा के लिए स्थानीय एयरपोर्ट पहुंचे। उन्हें बताया गया कि एमडी चार्टर्ड प्लेन से जा चुके हैं। इस बात से नाराज कांग्रेसियों ने एमडी को देने गए ज्ञापन की कॉपी एयरपोर्ट के बाहर जलाकर अपने गुस्से का इजहार किया और एनएमडीसी प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

बस्तरियों को नौकरी देने में हीला हवाला

कांग्रेस नेताओं ने इस बात पर नाराजगी जाहिर की कि एनएमडीसी प्रबंधन स्थानीय युवाओं को नौकरी देने में हीला हवाला कर रहा है। उन्होंने कहा कि बस्तर का लोहा जब इस्तेमाल किया जा रहा है तो नौकरी भी यहीं देना चाहिए न कि आंध्र प्रदेश में. ज्ञात हो कि आर्सलर मित्तल के द्वारा आंध्र प्रदेश में नौकरी देने की बात कही जा रही है, जो किरंदुल से 30 फीसद लोहा पाइपलाइन से बाहर ले जा रहा है।

ये लोग रहे विरोध में शामिल

गुरुवार को जो कांग्रेस नेता एनएमडीसी के एमडी से मिलने गए थे उनमें ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला, पूर्व विधायक रेखचंद जैन, शहर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर शुक्ला, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, हेमू उपाध्याय, अनवर खान, बलराम यादव, एस नीला, पार्षद सूर्या पानी, जोएस्टिन भवानी, अफ्रोज बेगम, कोमल सेना, बी ललिता राव, कमलेश पाठक, विशाल खम्बारी व अन्य वरिष्ठ कांग्रेसजन मौजूद रहे।

एक नजर

बैठक में की निर्वाचन नामावलियों के अद्यतन कार्य की प्रगति की समीक्षा

दंतेवाड़ा,05 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार जारी विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर 01 जनवरी 2026 कार्यक्रम के तहत निर्वाचन नामावलियों के अद्यतन कार्य की प्रगति की समीक्षा हेतु आज जिला कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री लोकांश एल्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में बीएलओ द्वारा किए जा रहे गणना पत्रक भरने एवं डिजिटाइजेशन कार्य की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके अलावा आयोग द्वारा विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथियों में किए गए संशोधनों की जानकारी भी इस दौरान मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को दी गई। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने डिजिटाइजेशन व मतदाता सूची सुधार कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया तथा इसमें सहयोग देने का आश्वासन दिया।इस अवसर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी दंतेवाड़ा, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, राजनैतिक दलों के पदाधिकारी एवं जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

मटेनार में अवैध रेत परिवहन कर रहे दो ट्रैक्टरों को किया जब्त

दंतेवाड़ा, 05 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 03 दिसंबर 2025 को ग्राम मटेनार, तहसील दंतेवाड़ा में औचक निरीक्षण के दौरान वाहन क्रमांक सोल्ड ट्रैक्टर एवं सीजी 18 सी 2016 ट्रैक्टर द्वारा अवैध रूप से साधारण रेत का परिवहन किया जाना पाया गया। मौके पर जांच करने पर संबंधित व्यक्तियों के पास किसी भी प्रकार का वैध परिवहन पास या दस्तावेज उपलब्ध नहीं मिला। अतः निरीक्षण टीम द्वारा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 (यथासंशोधित) की धारा 21 तथा छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 के उल्लंघन के अनुसार कार्यवाही करते हुए दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया। इस संबंध में प्रशासन द्वारा आगे भी अवैध खनिज परिवहन करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई जारी रखने की बात कही गई।

7 दिसंबर को होगी उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की महापरीक्षा

दंतेवाड़ा, 05 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर एवं जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं उपाध्यक्ष श्री जयंत नाहटा के नेतृत्व में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण, रायपुर के तत्वाधान में राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन 07 दिसम्बर 2025, रविवार को प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक किया जाएगा। इसमें शिक्षार्थी अपनी सुविधा अनुसार आकर परीक्षा दे सकेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी एवं सदस्य सचिव, जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण श्री प्रमोद ठाकुर ने इस संबंध में बताया कि 15 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे शिक्षार्थियों को परीक्षा में सम्मिलित किया जाएगा, जो शिक्षा की मुख्य धारा से वंचित रह गए या प्रारंभिक अवस्था में शाला त्यागी थे तथा जिनका नाम उल्लास पोर्टल में पंजीकृत है। शिक्षार्थियों को प्रश्नपत्र हल करने के लिए 03 घंटे का समय दिया जाएगा। प्रश्नपत्र तीन भागों, पढ़ना, लिखना एवं गणित में विभाजित रहेगा। महापरीक्षा के सफल संचालन एवं मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों को सौंपी गई है। इसके अलावा जिला परियोजना अधिकारी ने जानकारी दी कि उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत जिले में 46,034 परीक्षार्थियों को साक्षर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे परीक्षा पूर्व सभी तैयारियाँ पूर्ण कर लें। प्रत्येक विकासखण्ड में कंट्रोल रूम स्थापित कर दिए गए हैं, जो परीक्षा दिवस पर 11 बजे से 05:50 बजे तक की रिपोर्ट जिला कार्यालय को उपलब्ध कराएंगे। नामांकन, पंजीकरण, डेटा कंप्यूटरीकरण एवं परीक्षा मॉनिटरिंग हेतु अधिकारियों की नियुक्ति की जा चुकी है।

सुदूर नक्सलमुक्त इलाकों में वानिकी कार्य बने रोजगार का प्रमुख जरिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर 05 दिसंबर। बस्तर जिले के वे सुदूर क्षेत्र चांदामेटा, मुण्डागढ़, छिन्दगुर और तुलसी डोंगरी जो कभी नक्सल गतिविधियों के गढ़ माने जाते थे, अब विकास और शांति का नया अध्याय लिख रहे हैं। जिन पहाड़ियों और जंगलों में कभी नक्सलियों की ट्रेनिंग हुआ करती थी, वहीं आज वन विभाग स्थानीय युवाओं को वानिकी कार्यों का प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार उपलब्ध करा रहा है।

इन इलाकों में लंबे समय तक नक्सलियों के प्रभाव तथा उनसे जुड़े लोगों द्वारा कानूनों की गलत व्याख्या ने ग्रामीणों को विकास की मुख्यधारा से दूर रखा। शासन के प्रति अविश्वास का वातावरण बना दिया गया। लेकिन अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं। ग्रामीणों ने इन तत्वों की वास्तविक मंशा को समझ लिया है और अब वे दूसरों की लड़ाई में अपना समय और भविष्य गंवाने को तैयार नहीं हैं। वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लगातार किए जा रहे संवाद, जागरूकता और विश्वास निर्माण ने ग्रामीणों का नजरिया बदला है। स्थानीय युवाओं और ग्रामीणों को उनके ही गांव के आसपास वानिकी कार्यों में रोजगार देकर न सिर्फ उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत की जा रही है, बल्कि उन्हें सामाजिक रूप से भी सशक्त बनाया जा रहा है।

बांस वन प्रबंधन से बड़ा आर्थिक लाभः ग्राम मुण्डागढ़ के समीप स्थित बांस वनों का इस वर्ष वैज्ञानिक तरीके से वन-उपचार किया गया है। ग्रामीणों द्वारा किए जा रहे इस कार्य से लगभग 20 लाख रुपये का तत्काल रोजगार सीधे उनके बैंक खातों में पहुँचेगा। आने वाले तीन वर्षों में लगभग 01 करोड़ 37 लाख रुपये के अतिरिक्त रोजगार की संभावना है। इस क्षेत्र से प्राप्त 566 नोशनल टन बांस के उत्पादन का शत-प्रतिशत लाभांश वन प्रबंधन समिति के माध्यम से ग्रामीण विकास में ही खर्च किया जाएगा।

क्षेत्रीय वानिकी उपचार से बढ़ेगा रोजगारः छिन्दगुर और चांदामेटा के पहाड़ी क्षेत्रों में इस वर्ष प्रवरण सह सुधार कार्य के तहत बीमार, वृद्ध और मृत वृक्षों को हटाकर जंगल का उपचार किया जा रहा है। इससे ग्रामीणों को 32 लाख रुपये का तत्काल रोजगार मिल रहा है। काष्ठ उत्पादन से प्राप्त आय का 20 प्रतिशत लाभांश भी गांव की समिति को मिलेगा। अगले 6 वर्षों में लगभग 43 लाख रुपये का अतिरिक्त रोजगार वन उपचार के माध्यम से उपलब्ध होगा। इसके अलावा वन विभाग ग्रामीणों से सतत संपर्क में रहते हुए उनकी आवश्यकताओं का समाधान भी कर रहा है। ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरण, समिति सदस्यों को टी-शर्ट उपलब्ध कराना जैसी जरूरतें तुरंत पूरी की जा रही हैं। वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता ने कहा कि एक समय भय और हिंसा की पहचान रहे ये इलाके आज शांति, आजीविका और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं। वानिकी कार्यों के माध्यम से जल, जंगल एवं जमीन का संरक्षण करते हुए ग्रामीणों को स्थायी आजीविका उपलब्ध कराई जा रही है। बस्तर के नक्सल मुक्त गांव अब साबित कर रहे हैं कि जब विश्वास और विकास साथ आते हैं, तो परिस्थितियाँ बदलना केवल समय की बात होगी।

बस्तर में उल्लास महापरीक्षा की तैयारी जोरों पर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर, 05 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला पंचायत शिक्षा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान उल्लास साक्षरता महापरीक्षा की तैयारी सहित शिक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस बैठक का मुख्य केंद्र आगामी 7 दिसंबर को आयोजित होने वाली महापरीक्षा की तैयारियों पर रहा। बैठक में अवगत कराया गया कि बस्तर जिले में 7 दिसंबर को कुल 36 हजार परीक्षार्थी उल्लास केंद्र के माध्यम से इस महापरीक्षा में सम्मिलित होंगे, जिसके लिए जिलेभर में 771 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। महापरीक्षा के सफल आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया गया कि जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता से सभी परीक्षार्थियों को उनके परीक्षा केंद्र तक लाने हेतु विशेष प्रयास किए जाएंगे। बैठक के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति के सभापति श्री बलदेव मंडावी द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों को उल्लास शपथ भी दिलाई गई। साथ ही एजेंडावार समीक्षा की गई और निःशुल्क सरस्वती सायकल योजनांतर्गत साइकिल वितरण, शाला प्रबंधन समिति के निर्णयों का क्रियान्वयन, मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम का सुचारु संचालन और स्कूल भवन निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की प्रगति पर चर्चा हुई। वहीं आश्रम-छात्रावासों के प्रबंधन की समीक्षा कर विशेष रूप से ठंडे मौसम को देखते हुए आश्रम-छात्रावासों में कंबल एवं चादर की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा सभी कक्षाओं सहित विशेष तौर पर 10 वीं और 12 वीं बोर्ड परीक्षाओं के लिए परीक्षार्थियों को बेहतर तैयारी करवाने पर जोर दिया गया। बैठक में जिला पंचायत सदस्य श्री वनवासी मौर्य, शकुंतला कश्यप, सुश्री ललिता कश्यप, बिंदु साहू तथा जिला शिक्षा अधिकारी श्री बीआर बघेल, सहायक संचालक आदिवासी विकास सुश्री तनुजा नाग, जिला मिशन समन्वयक श्री अशोक पांडे, जिला नोडल अधिकारी उल्लास महापरीक्षा श्री राकेश खापर्डे और जिले में पदस्थ सभी खंड शिक्षा अधिकारी सहित खंड स्रोत समन्वयक, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी एवं मंडल संयोजक उपस्थित थे।

सट्टा लगा रहे 12 युवाओं को पुलिस ने गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई 05 दिसंबर। रायपुर में खेले गए दूसरे वन डे मैच पर सट्टा लगा रहे 12 युवाओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया है पकड़े गए लोगों पर आरोप है कि ये लोग इंडिया साउथ अफ्रीका के बीच चल रहे दूसरे वन डे मैच पर सट्टेबाजी कर रहे थे. पुलिस ने मौके से लाखों की कैश रकम बरामद की है. दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने ये कार्रवाई धमधा थाना और पुलगांव थाना इलाके में की है सट्टेबाजी करते पकड़े गए 12 लोग अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि तांदुला जलाशय ऑफिस के पास राजेन्द्र पार्क के सामने में एक व्यक्ति ऑनलाइन सट्टा खिला रहा है आरोपी आम जगह में अवैध धन अर्जित करने के लिए भारत-साउथ अफ्रीका क्रिकेट मैच में पैसे का दाव लगाकर मोबाइल के माध्यम से आनलाईन सट्टा, जुआ खिला रहा था. सूचना पर सिटी कोतवाली में उपस्थित स्टाफ द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए रेड कार्रवाई की आरोपी दिनेश बंजारे पकड़ा जो भारत-साउथ अफ्रीका मैच में हार जीत का दाव लगवा रहा था सिटी कोतवाली पुलिस की कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी दिनेश को अंकित मेड द्वारा तीन प्रतिशत कमीशन और दिनेश के द्वारा आकाश नंदनवार को दो प्रतिशत कमीशन इसके लिए मिलता. पकड़े गए लोगों ने अपना जुर्म स्वीकार किया है. आरोपी दिनेश बंजारे के कब्जे से दो मोबाइल, 1 लाख नगद, आकाश नंदनवार से एक मोबाइल बरामद की गई है. इसके साथ ही उसके पास से 50 हजार की रकम भी मिली है पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा पुलिस को मुखबिर से खबर मिली थी कि पुलगांव थाना अंतर्गत पुलगांव चौक के पास टीमन बंजारे नाम का व्यक्ति ऑनलाइन सट्टा खिला रहा है. पुलिस जवानों द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया आरोपी से पूछताछ करने पर उसने अपने दोस्त पवन तांबूले से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा में आईडी पासवर्ड बनाकर पैसा कमाने की बात स्वीकार किया. आरोपी के कब्जे से दो मोबाइल बरामद किया गया है.

मौके से शशांक शर्मा, तुकाराम शर्मा, राकेश सिन्हा, धर्मराज वर्मा, देवचरण साहू, संजय कहार, थान सिंह यादव, शेखर साहू का मोबाइल फोन चेक किया गया. रिकॉर्डिंग के आधार पर ऑनलाइन सट्टा पट्टी खेलने का पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाया गया. आरोपियों के कब्जे से 10 मोबाइल और 31 हजार 2 सौ कैश जब्त किया गया. सभी प्रकरणों में सिटी कोतवाली दुर्ग, पुलगांव व धमधा में आरोपियों के विरुद्ध धारा 7 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है. पकड़े गए लोगों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

समाचार संक्षेप

चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने किरण सिंह को नई गाइड लाइन को निरस्त करने ज्ञापन सौंपा

जगदलपुर 05 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बस्तर चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज़ के प्रतिनिधि मण्डल ने आज भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर के विधायक किरण सिंह देव से भेंट कर छ.ग में भूमि खरीदी बिक्री हेतु लागू नई गाइड लाइन को स्थगित कर पूर्व की भाँति रखने हेतु ज्ञापन सौंपा और उनसे निवेदन किया की नई गाइड लाइन से आम जनों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष श्याम सोमानी,पूर्व अध्यक्ष किशोर पारेख,ऋषि हेमानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विमल बोथरा ,कमल सेठी, राजकुमार दण्डवानी, मन्त्री दीपक भानुशाली, जूनियर चेम्बर अध्यक्ष निशान्त नाहटा, अजय जोशी, अमन ठाकुर, मोहित दण्डवानी, राहुल सोनी आदि शामिल थे।

पूर्व विधायक मनीष के बयान को नक्सलियों ने गलत बताया, देवजी व संग्राम की गिरफ्तारी नहीं हुई

जगदलपुर, 05 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। नक्सलियों ने दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के प्रवक्ता विकल्प के नाम से पर्चा जारी किया है। इस पर्चे में लिखा है कि हिड़मा को लकड़ी व्यापारी, ठेकेदार और नक्सलियों के एक साथी कोसाल ने आत्मसमर्पण करने के बाद पुलिस के हाथों मरवा दिया है। इस पत्र में बताया गया है कि देवजी और संग्राम की गिरफ्तारी नहीं हुई है, ये झूठी अफ्वाह है। वे जंगल में किसी सुरक्षित जगह छिपे हैं। देवजी ने हिड़मा को मरवाया है, और उसकी गिरफ्तारी हो गई है। इस तरह पूर्व विधायक मनीष कुंजाम के बयान को नक्सलियों ने गलत बताया है। विकल्प के नाम से जारी पत्र में लिखा है कि विजयवाड़ा के लकड़ी व्यापारी, फर्नीचर व्यापारी, बिल्डर ठेकेदार और अल्लूरी सीताराम राजू जिले के आईटीडीए का काम करने वाले ठेकेदार ने विश्वासघात किया है। विकल्प के नाम से जारी पर्चे में लिखा है कि, 27 अक्टूबर को हिड़मा एक लकड़ी व्यापारी के साथ इलाज के लिए विजयवाड़ा गया हुआ था। वहीं कुछ अन्य साथी भी वहां गए थे। 9 नवंबर को नक्सली साथी कोसाल संगठन से भाग गया था। उसने सीधा तेलंगाना पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया। हिड़मा के जंगल से बाहर निकलने और इलाज के लिए विजयवाड़ा जाने की जानकारी इसे थी। कोसाल के आत्मसमर्पण करने के बाद तुरंत किसी माध्यम से हिड़मा को इसकी जानकारी दी गई थी।

जिले में अधिसूचित उद्यानिकी फसलों का बीमा 31 दिसम्बर तक

कांकेर, 05 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले फसल नुकसान से किसानों को राहत दिलाने के लिए छत्तीसगढ़ में पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना संचालित की जा रही है, जिससे प्राकृतिक आपदाओं से फसल प्रभावित होने पर उन्हें क्षतिपूर्ति मिल सके। उद्यानिकी विभाग द्वारा रबी वर्ष 2025 के लिए पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के लिए जारी अधिसूचना के अनुसार योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को पंजीयन आगामी 31 दिसम्बर तक कराना होगा।

इस संबंध में सहायक संचालक उद्यान ने बताया कि अधिसूचित क्षेत्र में अधिसूचित फसल लेने वाले सभी किसान इसका लाभ ले सकते हैं। ऋणी किसान जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते, उन्हें भारत सरकार द्वारा जारी प्रपत्र अनुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र रबी के लिए आगामी 31 दिसम्बर तक संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा, अन्यथा संबंधित बैंक द्वारा स्वीकृत-नवीनीकृत की गई अल्पकालीन कृषि ऋण को अनिवार्य रूप से बीमाकृत किया जाएगा। ऋणी कृषक बीमित फसल में परिवर्तन करा सकते हैं। इसके लिए रबी मौसम में नामांकन की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2025 से 7 दिवस पूर्व इसकी सूचना संबंधित बैंक शाखा में दे सकते हैं। इस संबंध में बताया गया कि अधिसूचित फसल लगाने वाले सभी अऋणी किसान को प्रस्ताव पत्र के साथ नवीनतम आधार कार्ड, नवीनतम भूमि प्रमाण पत्र (बी-1, पी-2) की कॉपी, बैंक पासबुक के पहले पन्ने की छायाप्रति जिस पर अकाउंट नंबर, आईएफएससी कोड, बैंक का पता साफ दिख रहा हो, फसल बोआई प्रमाण पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र, किसान का मोबाइल नंबर, बटाईदार, काश्तकार, साझेदार, किसानों के लिए फसल साझा, काश्तकार का घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा। जिले में उद्यानिकी फसलों के बीमा के लिए भारतीय कृषि बीमा कंपनी को अधिकृत किया गया है। रबी 2025 में उद्यानिकी फसलों एवं उनकी प्रीमियम राशि के संबंध में तथा अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय सहायक संचालक उद्यानिकी से संपर्क किया जा सकता है।

जिला पंचायत में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया

दंतेवाड़ा, 05 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला पंचायत दंतेवाड़ा में आज प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई एवं एफएस.टी.पी. (फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट) के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में दंतेवाड़ा, बीजापुर एवं सुकमा जिलों के सरपंच, सचिव एवं स्वच्छताग्राही उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कार्यक्रम में राज्य सलाहकार डॉ. रूपेश कुमार राठौर एवं श्री पुरुषोत्तम पंडा ने प्रतिभागियों को प्लास्टिक कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन, उसके सुरक्षित निपटान, संग्रह एवं रीसाइक्लिंग की पूरी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्लास्टिक के अनियंत्रित उपयोग से पर्यावरण पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ते हैं, इसलिए इसे सही तरीके से प्रबंधित करना आवश्यक है। इसी क्रम में एफएस.टी.पी. की कार्यप्रणाली, इसकी महत्ता एवं गांवों में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर भी चर्चा की गई। प्रशिक्षण सत्र में विशेषज्ञों ने इसके संचालन के दौरान अपनाई जाने वाली तकनीकी सावधानियों से प्रतिभागियों को अवगत कराया।

कलेक्टर ने ली स्वास्थ्य अमले, सरपंच, सचिवों की मेगा बैठक

मलेरियामुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का 13वां चरण प्रारंभ होगा 8 दिसंबर से

दंतेवाड़ा,05 दिसंबर। जिले में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का 13वां चरण प्रारंभ 8 दिसंबर से प्रारंभ होने जा रहा है। इस परिप्रेक्ष्य में आज जावंगा ऑडिटोरियम में कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत द्वारा जिले के गीदम दंतेवाड़ा, कटेकल्याण, कुआकोंडा के मैदानी स्वास्थ्य अमले यथा मितानिन, बीएमओ, आरएचओ, बीसी सखी सहित समस्त सरपंच सचिवों की मेगा बैठक ली गई। बैठक में मलेरिया मुक्त अभियान की उद्देश्य, रूपरेखा, एवं संचालन पर अपना उद्बोधन केन्द्रित करते हुए उन्होंने कहा कि 8 दिसंबर से प्रारंभ होने वाले इस अभियान को अपने शत प्रतिशत लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए सभी मितानिने दीदी, सरपंच, सचिव जनप्रतिनिधि इसे चुनौती की तरह ले क्योंकि भावी पीढ़ी को मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाना हम सब का महती दायित्व है। यह इसलिए भी जरूरी है विश्व के अधिकांश देश आज मलेरिया मुक्त हो चुके है। और अगर हम दंतेवाड़ा जिले की बात करें तो मलेरिया उन्मूलन की दृष्टि से अभी हम छत्तीसगढ़ राज्य के औसत से पीछे चल रहे है। क्योंकि जिले में कुआकोंडा, एवं कटेकल्याण ब्लॉक अति संवेदनशील श्रेणी में है। कटेकल्याण ब्लॉक में मलेरिया उन्मूलन को हमे इसलिए अधिक तरजीह देनी होगी क्योकि यहां मलेरिया के विषेष वेरियंट मिले है इसके अंतर्गत मलेरिया के प्रारंभिक लक्षण न होते हुए भी जांच के दौरान वे मलेरिया पॉजिटिव पाये जा रहे है। ऐसी परिस्थिति में व्यक्ति दूसरे व्यक्तिओं को भी मलेरिया संक्रमित कर सकता है। अतः अब समय आ गया है कि हम इस 13वें चरण के अभियान को गंभीरता से लेते हुए षत प्रतिषत व्यक्ति का ट्रेकिंग करना सुनिश्चित करें और जांच में कोई भी व्यक्ति नहीं छूटना चाहिए। उन्होंने अभियान के संचालन के विषय में बताया कि इसके लिए संपूर्ण जिले हेतु 230 चिकित्सा जांच दलों का गठन किया जा चुका है जो घर-घर सर्वे करके प्रति व्यक्ति मलेरिया जांच सुनिश्चित करेगें। इसके लिए सभी मितानिन दीदियों से उनके आस-पास के ही गांव को आवंटित किया गया है ताकि सर्वे में कठिनाई न हो और उनके साथ आरएचओ, सीएचओ की टीम भी मौजूद रहेगी जो जांच के दौरान पॉजिटिव और नेगेटिव लक्षणों व्यक्तियों का चिन्हांकन करके उनके पैरों में चिन्ह अंकित करेगी। इसके अलावा सर्वे हो चुके घरों का स्टीकर भी लगाए जाएगें। उन्होंने आगे बताया कि इसकी रोजाना रिपोर्टिंग और मॉनिटरिंग हेतु जिला मुख्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। इसके अलावा ग्रामीणों में जनजागरूता हेतु सोते समय मच्छरदानी का अनिवार्य रूप से उपयोग, जल जमाव वाले स्थलों में मलेरिया रोधी उपायों का उपयोग के लिए ग्रामीणों में व्यवहार परिवर्तन पर जोर दिया जाएगा। कलेक्टर ने शैक्षणिक आवासीय परिसर जैसे पोटाकेबिन, आश्रमों, तथा पुलिस आवासीय कॉलोनी में भी मलेरिया जांच हेतु अतिरिक्त टीम का गठन करने की जानकारी देते हुए कहा कि जिले में षत प्रतिषत उन्मूलन हेतु जनभागीदारी एवं जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेवें। इस समर्पित प्रयास से ही हम निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कर सकेगें। उन्होंने बैठक में मौजूद सरपंच सचिवों से आग्रह किया कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से सहयोग देते हुए पंचायतो की बैठक का आयोजन करें साथ ही स्वयं भी मलेरिया जांच करवा कर ग्रामीणों को प्रेरित करें। कलेक्टर ने अंत में कहा कि जिस तरह सामाजिक सहयोग से पोलियो उन्मूलन अभियान को सफलतापूर्वक अजांम दिया गया उसी प्रकार यही रणनीति मलेरिया को जड़ से खत्म करने के लिए अपनानी होगी। इसके साथ ही मलेरिया मुक्त अभियान के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले मैदानी कर्मचारियों को 26 जनवरी 2026 को प्रशस्ति पत्र एवं प्रोत्साहन राशि भी प्रदान किया जायेगा।

जूम एप के जरिए समितियों के नोडल अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की

रकबा समर्पण, समिति की निगरानी, सत्यापन, बफर लिमिट और धान के उठाव पर हुई विस्तृत चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 5 दिसम्बर। जिले में 15 नवंबर से जारी धान खरीदी प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी और किसानों के अनुकूल बनाने हेतु प्रशासन निरंतर निगरानी एवं समीक्षा कर रहा है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार प्रतिदिन समितियों के नोडल अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा ली जा रही है, ताकि उपार्जन केंद्रों में किसानों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए खरीदी कार्य निर्बाध गति से संचालित हो सके।

इसी क्रम में 03 दिसंबर को अपर कलेक्टर एवं धान खरीदी के नोडल अधिकारी अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने जूम एप के माध्यम से सभी समिति नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने धान खरीदी से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं रकबा समर्पण, सत्यापन, समिति निगरानी, बफर लिमिट और धान उठाव पर विस्तृत चर्चा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

रकबा समर्पण और सत्यापन में तेजी लाने के निर्देश: अपर कलेक्टर टोप्पो ने ऐसे किसानों का रकबा समर्पण तुरंत कराने के निर्देश दिए जिन्होंने अपना संपूर्ण धान विक्रय कर दिया है। साथ ही, दूसरे एवं तीसरे टोकन में धान बेच चुके किसानों का सत्यापन आरआईओ और पटवारियों की सहायता से शीघ्र पूर्ण करने पर जोर दिया। उन्होंने 100 क्विंटल से अधिक धान बेच चुके किसानों का अनिवार्य रूप से सत्यापन किए जाने के निर्देश भी दिए।

बफर लिमिट व अतिरिक्त भंडारण व्यवस्था पर विशेष ध्यान

बैठक में नोडल अधिकारी ने सभी उपार्जन केंद्रों की बफ्र लिमिट की जानकारी ली। जहां बफ्र लिमिट पार हो चुकी है और अतिरिक्त धान की खरीदी हो चुकी है, वहां धान के सुरक्षित भंडारण हेतु अतिरिक्त स्थल चिन्हांकन करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार धान का उठाव कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाएगा, लेकिन तब तक उपार्जन केंद्रों में अतिरिक्त फ्ह की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि खरीदी कार्य किसी प्रकार प्रभावित न हो।

अधिकारी-कर्मचारियों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश

अपर कलेक्टर ने सभी एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार को निर्देशित किया कि धान खरीदी से जुड़े कार्यों को पूरी गंभीरता एवं संवेदनशीलता से संपादित किया जाए। इस दौरान समिति नोडल अधिकारियों ने अपने-अपने उपार्जन केंद्रों की समस्याओं से भी अवगत कराया, जिन पर टोप्पो ने तुरंत आवश्यक समाधान प्रदान किए। बैठक में सभी अनुविभागों के एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा समिति नोडल अधिकारी वर्चुअल रूप से उपस्थित रहे।

समाचार संक्षेप

शीतलहर से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 5 दिसम्बर। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल कुमार जगत ने शीत लहर से बचाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश और एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने बताया कि शीतलहर दिसम्बर और जनवरी में घटित होती है। जिसके चलते सर्द हवाओं के कारण स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। उन्होंने बताया कि शीतलहर का नकारात्मक प्रभाव बुजुर्गों और 5 वर्ष के छोटे बच्चों पर अधिक होता है। इसके अतिरिक्त दिव्यांगजनों, बेघर व्यक्तियों, दीर्घकालिक बीमारियों से पीड़ित रोगियों, खुले क्षेत्र में व्यवसाय करने वाले छोटे व्यवसायियों के लिए भी शीत लहर के दौरान विशेष सतर्कता बरतना आवश्यक है।

शीतलहर की स्थिति में क्या करें, क्या न करें : जितना संभव हो घर के अंदर ही रहें, अति आवश्यक कार्य होने पर बाहर निकलें। शीतलहर से बचाव हेतु टोपी और मफ्लर का भी उपयोग किया जा सकता है अथवा सिर व कान ढंककर रखें। मौसम से संबंधित समाचार व आपातकाल के संबंध में जारी समाचारों को ध्यान से सुने। यदि बिजली का प्रवाह अवरूद्ध होता है ऐसी स्थिति में फ्रीज में खाने के सामान को 48 घंटों से अधिक न रखें। यह भी सुनिश्चित करें कि पॉवर सप्लाई आपातकाल में भी रहे। ऐसे आवास का उपयोग करें जहां तापमान सही रहता हो, आवश्यकतानुसार गर्म पेय पीते रहें। वृद्ध व्यक्तियों का ध्यान रखें तथा उनको अकेला न छोड़ें। स्वास्थ्यवर्धक खाने का उपयोग करें। यदि सर्दी से संबंधित कोई प्रभाव शरीर पर दिखाई दें-जैसे नाक कान लाल हो, पैर हाथ की उंगलियां भी लाल हो तो तत्काल स्थानीय चिकित्सक से परामर्श लें। असामान्य तापमान की स्थिति, अत्यधिक कांपना, सुस्ती, कमजोरी, सांस लेने में परेशानी हो, तो ऐसी स्थिति में तत्काल स्थानीय चिकित्सक से परामर्श लें।

एक नजर

सुखीपाली के प्रभारी समिति प्रबंधक एवं धान खरीदी प्रभारी निलंबित

महासमुंद 5 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सुखीपाली के धान खरीदी प्रभारी रविशंकर सेठ को निलंबित कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि आज कलेक्टर विनय लंगेह एवं जिला प्रशासन टीम के द्वारा धान खरीदी केन्द्र सुखीपाली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान धान खरीदी केन्द्र में अव्यवस्था पाई गई। जिसमें धान का स्टेकिंग सही नहीं पाया गया। बारदाना अव्यवस्थित एवं बिना टेग के लिया जाना पाया गया तथा सी सी टीवी कैमरा खरीदी केन्द्र पर नहीं होना पाया गया है। जो समिति प्रबंधक रविशंकर सेठ द्वारा धान खरीदी नीति के आदेश निर्देश का पालन नहीं करने तथा लापरवाही बरतने की श्रेणी में आता है। अत: उन्हें समिति के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए मुख्यालय जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायपुर शाखा सांकरा में पदस्थ किया गया है। निलंबन अवधि मे जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा।

जिले में अब तक 25,539 किसानों से लगभग 12 लाख क्विंटल धान की खरीदी

धमतरी, 5 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य सुव्यवस्थित और तेज गति से जारी है। धान खरीदी वर्ष 2025-26 हेतु धमतरी जिले की कुल 74 समितियों में अब तक 1, 28, 602 किसानों द्वारा 1, 23, 087.10 हेक्टेयर रकबा पंजीकृत किया गया है। 15 नवंबर 2025 से प्रारंभ हुए उपार्जन कार्य के अंतर्गत अब तक 25, 539 किसानों से 11, 80, 833.20 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, जिसका कुल मूल्य 280.13 करोड़ रुपये है। कलेक्टर के निर्देशन में सभी समितियों में आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। धान की आवक बढ़ने के साथ ही नमी परीक्षण, तुलाई, भंडारण तथा परिवहन की प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ किया गया है। इसी क्रम में 05 दिसंबर 2025 को धान विक्रय के लिए आने वाले किसानों हेतु 2, 861 टोकन जारी किए गए हैं, जिनमें 1, 23, 424.44 क्विंटल धान उपार्जन का लक्ष्य निर्धारित है। प्रशासन द्वारा सभी किसानों से निर्धारित तिथि और समय पर केंद्रों में धान लेकर पहुंचने की अपील की गई है, ताकि खरीदी प्रक्रिया सुचारू एवं पारदर्शी रूप से संचालित हो सके।

36 दिन में 88 हजार किसान से 12.32 लाख एमटी धान खरीद पाना असंभव : चंद्राकर

महासमुंद 5 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। धान खरीदी में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के पूर्व

विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि अभी भी किसानों को टोकन के लिए भटकना पड़ रहा है। टोकन तुंहर हाथ एप में सर्वर की समस्या के चलते टोकन नहीं कटने से किसान धान बेचने के लिए परेशान हो रहे हैं। समितियों में 70 प्रतिशत ऑनलाइन और 30 प्रतिशत ऑफ्लाइन टोकन काटने का नियम बनाया गया है। ऑफ्लाइन टोकन के लिए भी किसानों को कई दिनों तक सोसायटी के चक्कर लगाना पड़ रहा है। चंद्राकर ने कहा कि ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यम से 50-50 प्रतिशत टोकन काटने की व्यवस्था किया जाए जिससे किसानों को परेशानी न झेलनी पड़े। पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि देर से खरीदी प्रारंभ करने तथा समितियों में खरीदी सीमा लागू होने के कारण बहुत कम मात्रा में धान की खरीदी हो पाई है। प्रतिदिन अधिकांश समितियों में 12 सौ से लेकर 17 सौ क्विंटल तक खरीदी लिमिट के कारण पंजीकृत किसान चिंतित हैं, वर्तमान खरीदी सीजन के अंतिम तिथि तक समस्त किसानों का धान खरीद पाना संभव नहीं है। खरीफसीजन 2025-26 में धान खरीदी के लिए महासमुंद जिले में 1 लाख 11 हजार 831 किसान पंजीकृत हैं।

जिले में अवैध धान खपाने की बड़ी साजिश नाकाम, अब तक 91 प्रकरणों में की गई कार्रवाई

23 कोचियों-बिचौलियों से 4583 क्विंटल धान जब्त

■ अवैध धान खपाने की कोशिश में जुटे व्यापारियों और बिचौलियों के मंसूबों पर प्रशासन ने फेरा पानी, 1 करोड़ 47 लाख का धान जब्त

■ वास्तविक किसानों के हितों से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 5 दिसम्बर। धान खरीदी प्रणाली को ध्वस्त कर प्रशासन को करोड़ों का नुकसान पहुंचाने की तैयारी कर रहे कोचियों और बिचौलियों पर जिला प्रशासन ने बड़ा शिकंजा कसा है। बीते दो दिनों में रायगढ़, खरसिया, पुसौर, तमनार और धरमजयगढ़ क्षेत्रों में संयुक्त जांच दलों ने अभियान चलाकर 23 कोचियों एवं बिचौलियों से 4583 क्विंटल अवैध धान जप्त किया है। यह जप्त धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से 1 करोड़ 47 लाख रुपए से अधिक का है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में मैदानी अमला 24ग7 निगरानी पर है। अवैध धान की सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंचकर कार्रवाई कर रही है। प्रशासन की ताबड़तोड़ और सख्त कार्रवाई से अवैध धान खपाने की कोशिश करने वाले व्यापारियों व बिचौलियों का मंसूबा नाकाम हो गया है। जिले में समर्थन मूल्य पर खरीदी व्यवस्था और अधिक पारदर्शी व सुव्यवस्थित होती जा रही है।

कलेक्टर ने साफकहा है कि किसी भी उपार्जन केंद्र में अवैध धान खपने नहीं दिया जाएगा। अवैध धान भंडारण और परिवहन में शामिल किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। वास्तविक किसानों के हितों से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

राइस मिलों पर भी कड़ी कार्रवाई, हजारों क्विंटल धान किया गया जब्त

औचक निरीक्षण में कई राइस मिलों में अवैध धान भंडारित पाया गया। इनमें मां भगवती एवं श्रीराम राइस मिल, धरमजयगढ़ में 400 क्विंटल, गोयल फूड मिल, रायगढ़ में 550 क्विंटल, बालाजी राइस मिल, देहजरी में 160 क्विंटल और सावित्री राइस मिल, खरसिया में 250 क्विंटल शामिल है। सभी मामलों में मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

अब तक 91 प्रकरण-17 हजार क्विंटल धान जब्त

जिला खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह ने बताया कि जिले में अब तक 91 प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिनमें 17 हजार क्विंटल से अधिक धान जप्त, जिसकी कीमत 5 करोड़ रुपए से अधिक है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों के हक को छीनने वाले और शासन को धोखा देने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि अवैध धान पर लगाम कसने से उपार्जन केंद्रों में भीड़ कम हुई है। वास्तविक किसान समय पर अपना धान बेच पा रहे है। खरीदी व्यवस्था अधिक पारदर्शी बनी हुई है। कोचियों-बिचौलियों की पकड़ कमजोर हुई है। जिले में प्रशासनिक मुस्तैदी लगातार प्रभाव दिखा रही है, और खरीदी व्यवस्था को पटरी पर बनाए रखने के लिए अभियान जारी रहेगा।

दो दिनों में 23 जगहों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

अपर कलेक्टर एवं धान खरीदी के नोडल अधिकारी अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने बताया कि राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा दो दिवस के भीतर 23 प्रकरण दर्ज कर भारी मात्रा में अवैध धान जप्त किया गया है। इनमें पत्थलगांवखुर्द के सतीश कुमार गुप्ता के यहां 56 क्विंटल, आलोला की ममता गुप्ता के यहां 29.20 क्विंटल, इंदकाली के मंगल बजारे के यहां 48 क्विंटल, इंदकाली के श्रीधर यादव के यहां 6.80 क्विंटल, कछार रायगढ़ के इंदर पटेल, के यहां 60 क्विंटल, सरिया मड़वाताल के युगल किशोर के यहां 800 क्विंटल, भेण्ड्रा तमनार के ललित चौहान के यहां 296 क्विंटल, सुरी पुसौर के मनोहर चौहान के यहां 280 क्विंटल, लोहरसिंह पुसौर में धरनीधर पटेल के यहां 220 क्विंटल, कुरमापाली रायगढ़ के नहर पैकरा के यहां 300 क्विंटल, ठाकुरदिया खरसिया के लक्ष्मीनारायण यादव के यहां 220 क्विंटल, देहजरी खरसिया के शनिराम डनसेना के यहां 190 क्विंटल, धरमजयगढ़ मुख्यालय में गंगा पटेल के यहां 242 क्विंटल, कुरमापाली रायगढ़ में देवेंद्र पैकरा के यहां 328 क्विंटल अवैध धान शामिल है।

किसानों से खेतों में फसल अवशेष नहीं जलाने की अपील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

धमतरी 5 दिसंबर। जिले में वायु गुणवत्ता और मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखने के उद्देश्य से कृषि विभाग ने किसानों से खेतों में फसल अवशेष नहीं जलाने की अपील की है। इस संबंध में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने किसानों से अपील करते हुए कहा फसल अवशेष जलाना पर्यावरण, मिट्टी की उर्वरता और जनस्वास्थ्य सभी के लिए हानिकारक है। सरकार किसानों को अवशेष प्रबंधन के लिए सभी तकनीकी सहयोग उपलब्ध करा रही है। किसान भाई कृपया अवशेष न जलाएं और आधुनिक, पर्यावरणहितैषी तरीकों को अपनाकर सतत कृषि की दिशा में योगदान दें। उप संचालक कृषि मोनेश साहू ने कहा कि फसल अवशेष जलाने से निकलने वाले धुएं में मौजूद जहरीली गैसें न केवल मानव स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं, बल्कि वायु प्रदूषण भी चिंताजनक स्तर तक बढ़ जाता है।

उन्होंने बताया कि धान के पुआल या अन्य फसल अवशेष जलाने से ग्रीनहाउस प्रभाव बढ़ाने वाली गैसें जैसेकृमीथेन, कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रस ऑक्साइड तथा अन्य हानिकारक प्रदूषक बड़ी मात्रा में उत्सर्जित होते हैं। इससे फेफड़ों के रोग, कैंसर उत्प्रेरक तत्वों समेत कई स्वास्थ्य जोखिम बढ़ जाते हैं। उप संचालक ने बताया कि अवशेष जलाने से मिट्टी की ऊपरी 15 सेंटीमीटर सतह पर मौजूद लाभदायक सूक्ष्मजीव पूरी तरह नष्ट हो जाते हैं, जिससे मिट्टी की जैविक सक्रियता कम होती है और अगली फसल की जड़ों की वृद्धि प्रभावित होती है। इसके अलावा, खेतों के मित्र कीट जैसे केंचुए और मकड़ियाँ खत्म हो जाती हैं, जिससे प्राकृतिक कीट नियंत्रण बाधित होता है और किसानों को महंगे कीटनाशकों पर निर्भर रहना पड़ता है।

नियम उल्लंघन पर अर्थदंड का प्रावधान

फसल अवशेष जलाने की शिकायत मिलने पर शासन द्वारा अर्थदंड का प्रावधान भी किया गया हैकृ
. 0.80 हेक्टेयर तक : ढाई हजार
. 0.80 से 2.02 हेक्टेयर : पांच हजार रुपये
.2.02 हेक्टेयर से अधिक 15,000 हजार रुपए

एसआईआर : खरसिया व लैलूंगा में शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूर्ण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 5 दिसम्बर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य के तहत मतदाताओं द्वारा भरे गए गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन का कार्य तेजी से चल रहा है। कलेक्टर ने सभी विधानसभा क्षेत्रों को निर्धारित समय-सीमा में डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में धरमजयगढ़ के बाद अब खरसिया और लैलूंगा विधानसभा ने भी शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन का लक्ष्य हासिल कर लिया है। इसके साथ ही रायगढ़ विधानसभा में डिजिटाइजेशन की प्रगति 99 प्रतिशत से अधिक पहुंच गई है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने शेष मतदाताओं से भी अपील की है कि वे अपने गणना पत्रक शीघ्र बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के पास जमा करें, ताकि समय पर बीएलओ ऐप में प्रविष्टियों का अद्यतन सुनिश्चित किया जा सके।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार गणना पत्रक भरकर डिजीटाईज करने की अंतिम तिथि 11 दिसम्बर 2025 गुरुवार, मतदान केन्द्रों का युक्तिकरण व पुनर्स्थापन 11 दिसम्बर 2025 गुरुवार तक, ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 16 दिसम्बर 2025 मंगलवार, दावे एवं आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 16 दिसम्बर 2025 मंगलवार से 15 जनवरी 2026 गुरुवार तक, नोटिस फेज-सुनवाई, सत्यापन एवं दावों-आपत्तियों का निराकरण 16 दिसम्बर 2025 से 07 फरवरी 2026 शनिवार तक, मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी 2026 शनिवार निर्धारित है।

धान खरीदी प्रक्रिया का कलेक्टर मिश्रा ने लिया जायजा, किसानों से की बातचीत

■ कलेक्टर ने सांकरा केंद्र में व्यवस्था की जाँच की, किसान हित में दिए महत्वपूर्ण निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

धमतरी, 5 दिसंबर। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आज नगरी विकासखंड के ग्राम सांकरा स्थित धान उपार्जन केंद्र का निरीक्षण कर खरीदी व्यवस्था का जायज़ा लिया। जिले में खरीफविपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान उपार्जन कार्य 15 नवंबर से सुचारु रूप से जारी है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने केंद्र में की गई व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया तथा किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं व सुझावों को सुना। उन्होंने खरीदी प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और किसान-हितैषी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। एसडीएम सुश्री प्रीति दुर्गम और विभागीय अधिकारियों ने धान खरीदी की तैयारियों, प्रगति एवं अब तक की स्थिति की विस्तृत जानकारी दी।

कलेक्टर ने केंद्र में बारदाना उपलब्धता, डेनेज व्यवस्था, परिवहन, टोकन प्रणाली, इंटरनेट कनेक्टिविटी, बायोमेट्रिक स्टैकिंग एवं ऑपरेटर की उपलब्धता जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर धान की बोरी का तौल कर वजन की शुद्धता की जांच की तथा शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप खरीदी करने के स्पष्ट निर्देश दिए। आर्द्रतामापी यंत्र से धान की नमी की जांच करते हुए उन्होंने अधिकारियों को किसी भी प्रकार की अनियमितता न होने देने के निर्देश दिए।

श्रवण बाधित बालिका विद्यालय में मनाया गया में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस

विधायक अजय चंद्राकर ने किए सहायक उपकरण वितरित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

धमतरी, 5 दिसंबर। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक कुरूद अजय चंद्राकर शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान विधायक चंद्राकर ने जरूरतमंद दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर, ट्राइसाइकिल एवं श्रवण यंत्र का वितरण किया। उन्होंने कहा कि समाज की मुख्य धारा से वंचित व्यक्तियों को सम्मानजनक स्थान दिलाना सभी का दायित्व है। ईश्वर यदि किसी क्षमता में कमी करता है तो दूसरी क्षमता जोड़कर उस व्यक्ति को विशेष बनाता है। उन्होंने समाज के लोगों से आग्रह किया कि दिव्यांगजनों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित कराने में सक्रिय सहयोग दें।

विधायक चंद्राकर ने बताया कि दिव्यांगजनों के हित में शासकीय कार्यालयों में रैंप निर्माण, रोजगार के अवसरों का विस्तार और नियुक्तियों में प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने सभी से बुजुर्गों और दिव्यांग बच्चों की सहायता हेतु आगे आने तथा उचित प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की अपील की। कार्यक्रम में उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन भी किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति मोनिका देवांगन ने की। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'दिव्यांगजन' नामकरण की पहल के लिए आभार व्यक्त किया तथा कहा कि विभाग यह सुनिश्चित करे कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ योग्य हितग्राहियों तक पहुँचे।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव, पूर्व सभापति नगर निगम राजेश शर्मा, जनप्रतिनिधि राकेश साहू, चेतन हिंदूजा, कॉलेज सोनी, डिप्टी कलेक्टर कल्पना ध्रुव, उपसंचालक समाज कल्याण डॉ. मनीषा पांडे सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा दिव्यांगजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन दिव्यांगजनों के उत्साह, आत्मविश्वास और सशक्तिकरण के संदेश के साथ हुआ।

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 5 दिसम्बर। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग रायगढ़ द्वारा दिव्यांगजनों की प्रतिभा को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने हेतु दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों की खेल, कला और सांस्कृतिक प्रतिभा को मंच प्रदान करना था।

2 दिसम्बर को डिग्री कॉलेज के लाल मैदान में प्रातः 9 बजे से दिव्यांग छात्र-छात्राओं की विभिन्न खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। रायगढ़ जिले के उन्नायक सेवा समिति एडल्ट्स उम्मीद घरौंदा कौहाकुण्डा, उम्मीद विशेष विद्यालय कौहाकुण्डा, नंदा सरकुलेशन संस्थान अंध-मूक एवं

श्रवण बाधितार्थ बड़गांव, जय बुढ़ी माई समाज सेवी संस्था कोसमनारा सहित सातों विकासखंडों के समग्र शिक्षा के दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ सीईओ जिला पंचायत अभिजीत बबन पठारे ने हरी झंडी दिखाकर किया। खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इसी तरह 3 दिसम्बर को पॉलिटेक्निक ऑडिटोरियम रायगढ़ में दिव्यांग छात्र-छात्राओं द्वारा गीत-संगीत, एकांकी नाटक, नृत्य, गायन एवं वादन की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष शिखा रविन्द्र गबेल, नगर निगम सभापति डिग्री लाल साहू, एवं सीईओ जिला पंचायत अभिजीत बबन पठारे सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में समाज कल्याण विभाग के उप संचालक शिवशंकर पाण्डेय, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी महेश पटेल, कार्यक्रम नोडल अधिकारी सुशील सिंह, सहायक नोडल अधिकारी उग्रसेन पटेल और नवरतन सिंह बिंझवार का विशेष योगदान रहा। पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य एवं प्रबंधन समिति ने आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

अन्तर्राष्ट्रीय निःशक्तजन दिवस पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

रायगढ़, 5 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशन में एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार जैन, के मार्गदर्शन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायगढ़ के सचिव अंकिता मुदलियार के मार्गदर्शन में अन्तर्राष्ट्रीय नि:शक्तजन दिवस के अवसर पर नई उम्मीद रायगढ़ में आज विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नई उम्मीद के लगभग 40 मुकबधिर एवं मंदबुद्धि दिव्यांग बच्चों एवं स्टॉफ सदस्यों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में शिक्षा की अनिवार्यता के विषय में बताते हुए कहा कि शिक्षा एक प्रक्रिया है जहाँ ज्ञान, कौशल और आदतें एक पीढ़ी से दूसरे पीढ़ी तक जाती है शिक्षा मनुष्य के विकास के लिए आवश्यक है शिक्षा व्यक्ति के जीवन को बेहतर बनाता है, आगे समाज और विकास के हर स्तर पर दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों और कल्याण को बढ़ावा देने और राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन के सभी पहलुओं में दिव्यांग व्यक्तियों के स्थिति के बारे में जागरूकता होनी चाहिये।

एक नजर

राइस मिल से 9,562 क्विंटल धान जब्त

रायपुर, 05 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। महासमुंद जिले में धान के अवैध परिवहन एवं भंडारण मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। कलेक्टर के मार्गदर्शन में आज आज श्याम राइस मिल, झलप से 9,562 क्विंटल धान तथा ग्राम चिराकूटा से 250 कट्टा धान जब्त किया गया। जब्ती की यह कार्रवाई जिले में निरंतर जारी निगरानी एवं भौतिक सत्यापन अभियान के अंतर्गत की गई है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के नेतृत्व में राजस्व, खाद्य एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा श्याम राइस मिल, झलप का भौतिक सत्यापन किया गया। स्टॉक गणना के दौरान मिल में धान का शॉर्टेज पाया गया। नियमों, उल्लंघन पाए जाने पर कस्टम मिलिंग धान उपार्जन नियम 2016 तथा मंडी अधिनियम के तहत 9,562 क्विंटल धान के जब्ती की कार्रवाई की गई। इसी प्रकार सरायपाली विकासखंड में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने ग्राम चिराकूटा में धान के अवैध भंडारण की सूचना पर मौके पर पहुँचकर 250 कट्टा धान जब्त किया। जब्त धान को थाना सिंघोड़ा के सुपुर्दगी में दिया गया है। कलेक्टर का कहना है कि खरीफविपणन वर्ष 2025-26 के दौरान धान के अवैध परिवहन, भंडारण अथवा किसी भी प्रकार की अनियमितता के मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निगरानी दल द्वारा जिले में सभी जांच चौकियों, राइस मिलों एवं उपार्जन केंद्रों पर लगातार कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता और व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए जांच-पड़ताल का यह सघन अभियान निरंतर जारी रहेगा।

धान के उचित समर्थन मूल्य एवं पारदर्शी खरीदी प्रक्रिया से किसानों को मिल रहा बेहतर लाभ

रायपुर, 05 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ शासन की कृषि हितैषी नीतियों और किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलने का परिणाम आज ग्रामीण अंचलों में स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। किसान आर्थिक समृद्धि की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। ऐसी ही सफलता की प्रेरक कहानी है ग्राम कौड़ुटोला के किसान श्री उदयराम साहू की, जिन्होंने आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाते हुए अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि की है और आज वे दो ट्रैक्टरों के स्वामी बन चुके हैं। कभी बैलों और किराए के साधनों पर निर्भर रहने वाले श्री साहू के खेतों में अब ट्रैक्टर से कम समय में अधिक कार्य हो रहा है। ट्रैक्टर आने से न केवल उनका श्रम और समय बचा, बल्कि उत्पादन क्षमता भी कई गुना बढ़ी। इससे उनकी आय में निरंतर वृद्धि हुई है और खेती अब उनके लिए मात्र आजीविका का साधन नहीं, बल्कि समृद्धि का मजबूत आधार बन चुकी है। श्री साहू ने बताया कि इस वर्ष धान विक्रय प्रक्रिया पहले की अपेक्षा अधिक सरल एवं पारदर्शी है। उन्होंने टोकन प्राप्त कर आसानी से अपना धान चौकी धान उपार्जन केंद्र में विक्रय किया। उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में किसानों के हित में अनेक प्रभावी कदम उठाए गए हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम अब जमीनी स्तर पर दिखाई देने लगे हैं। धान का मूल्य 3100 रुपये प्रति क्विंटल मिलने से खेती लाभदायक हो गई है। प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक खरीदी के

गुर्रा में हुआ महिला कमांडो का गठन,विधायक इंद्र साव ने बैज पहनाकर दी शुभकामना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा 05 दिसंबर। नशा मुक्ति अभियान के तहत भाटापारा ब्लाक के ग्राम गुर्रा में महिला कमांडो का गठन होने पर विधायक इंद्र साव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पूरी टीम को बधाई देते हुए उनका बेच लगाकर स्वागत किया।

विदित हो कि गांव गांव में लगातार अवैध शराब की बिक्री से गांवों का दूषित हो रहा वातावरण को ध्यान में रखते हुए पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से इसके रोकथाम के लिए गांवों में महिला कमांडो का गठन कर उन्हें स्वतंत्र रूप से कार्य करने की आजादी दी जा रही है,जिसका परिणाम भी सार्थक मिल रहा है।ब्लाक के ग्राम गुर्रा में भी महिला कमांडो का गठन किया गया है,जो क्षेत्र में नशा मुक्ति के लिए ना केवल कार्य करेगी बल्कि गांव को शराब जैसी कुरीतियों से दूर रखने का कार्य करेगी।

ग्राम गुर्रा में महिला कमांडो का गठन होने पर क्षेत्र के विधायक इंद्र साव ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए पूरी टीम को बधाई दी और उनका उत्साह वर्धन करते हुए उनका बेच लगा कर स्वागत किया।इस दौरान विधायक श्री साव ने कहा कि क्षेत्र में नशा खोरी का कार्य करने वालों को अब सजग हो जाना होगा और उन्हें यह क्षेत्र छोड़ना पड़ेगा क्योंकि अब यहां की कमान महिलाओं ने संगठित रूप से संभाल ली है ऐसे में शराब या अन्य नशा पान करने वालों से निपटने और उन्हें नशा खोरी की ओर धकेलने वालों के खिलाफ यहां की कमांडो टीम तैयार हो गई है।विधायक श्री साव ने कहा कि नशा से व्यक्ति ही नहीं बल्कि पूरा परिवार टूटता है उन्होंने लोगो से नशापान से दूर रहने की अपील करते हुए कहा अगर नशा करना ही है तो नशा ऐसा करो कि उनके बच्चे अच्छी और ऊंची शिक्षा प्राप्त कर अपना अपने परिवार और अपने गांव शहर का नाम रोशन कर सके।विधायक इंद्र साव ने अपने विधान सभा क्षेत्र के गांव में महिला कमांडो के गठन पर पंचायत प्रतिनिधियों को सामने आने का आग्रह भी किया है। इस महिला कमांडो गठन के अवसर पर मुख्य रूप से सरपंच गंगा ध्रुव,उप सरपंच सीमा साहू, गोवर्धन ध्रुव, अध्यक्ष कमला खुटे, उर्मिला ध्रुव, आरती सोनी, पंच बाई रात्रे, किरण रात्रे, सावित्री बंजारे, संतन घृत लहरे, सरोज जायसवाल, ईश्वरी साहू, ईश्वरी सोनी, निर्मला साहू सहित महिला कमांडो की सभी सदस्य उपस्थित थी ।

संयम, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ें युवाः राज्यपाल डेका

21 सदी में सफलता के लिए निरंतर सीखना,कौशल निखारना और आत्मविकास अनिवार्यः रामनाथ कोविंद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर, 05 दिसंबर। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के छठवें दीक्षांत समारोह का आयोजन आज पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद के मुख्य आतिथ्य में गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यपाल श्री रमेन डेका ने की। अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, विशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव तथा उच्च शिक्षा मंत्री श्री टंकराम वर्मा शामिल हुए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य डॉ. दिवाकर नाथ वाजपेयी उपस्थित रहे। समारोह में 64 शोद्यार्थियों को शोध उपाधि, 92 गोल्ड मेडल एवं 36950 स्नातक एवं स्नातकोत्तर उपाधि दी गई।

विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद ने स्नातक छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने युवा पीढ़ी की ऊर्जा और आत्मविश्वास की सराहना करते हुए कहा कि भारत आज दुनिया की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में अग्रणी है और वर्तमान युवा इसका ऐतिहासिक साक्षी और भागीदार हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय से स्नातक होना शिक्षा की पूर्णता नहीं है, बल्कि इक्कीसवीं सदी में सफलता के लिए निरंतर सीखना, कौशल निखारना और आत्मविकास अनिवार्य है।

पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि देश के विश्वविद्यालयों में बेटियाँ शिक्षा के क्षेत्र में कई बार बेटों से आगे निकल रही हैं और इस विश्वविद्यालय के स्वर्ण पदक विजेताओं में भी बेटियों की संख्या उल्लेखनीय है। उन्होंने विद्यार्थियों, विशेषकर पदक विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि केवल उनकी मेहनत का परिणाम नहीं है, बल्कि इसके पीछे माता-पिता का त्याग, परिवार का सहयोग और गुरुओं का अमूल्य मार्गदर्शन भी निहित है। यह हर विद्यार्थी के लिए एक सुनहरा यादगार पल है, जिसे वे जीवनभर याद रखेंगे। उन्होंने कहा कि-÷कभी यह मत सोचिए कि आप पीछे रह गए हैं। यदि आप प्रयास करना नहीं छोड़ते, तो आप हमेशा पहले स्थान पर हो सकते हैं।÷ उन्होंने छात्रों से अपने सपनों को साकार करने के लिए परिश्रम करने, भारतीय संस्कृति, मूल्यों और जड़ों से जुड़े रहने और योग व विज्ञान जैसी भारतीय विरासत को अपनाने का आह्वान किया।

राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कहा कि जीवन में अनेक चुनौतियाँ आती हैं, जिनमें कभी-कभी हम गिरते भी हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण यह है कि हर बार स्वयं को संभालकर फिर से खड़ा होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में गिरावट से भयभीत न हों और हमेशा उठने का साहस रखें। राज्यपाल ने अनुशासन को जीवन में सफलता की मजबूत नींव बताते हुए कहा कि जीवन एक सुंदर यात्रा है, और इसे उद्देश्यपूर्ण, सकारात्मक और सार्थक ढंग से जीना प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर ध्यान आकर्षित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि आज तनाव एक बड़ी चुनौती बन चुका है। इसलिए योग, ध्यान और नियमित शारीरिक गतिविधि को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों से यह भी आग्रह किया कि वे जीवन में ऐसा कार्य चुनें जिसमें तनाव कम हो, पारदर्शिता हो और जिससे स्वयं, समाज और राष्ट्र का सकारात्मक परिवर्तन संभव हो।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सफलता केवल डिग्री से नहीं, बल्कि सीखने की निरंतर इच्छा से तय होती है। दुनिया तेजी से बदल रही है, और जो युवा अपनी संस्कृति की जड़ों से जुड़े रहते हुए तकनीक, नवाचार और मेहनत का मार्ग चुनते हैं, वहीं कल का भारत गढ़ेंगे। जीवन में अवसर हमेशा बाहर नहीं मिलते, कई बार हमें स्वयं अवसर बनाना होता है। अनुशासन, लगन और सकारात्मक दृष्टि ही वह शक्ति है, जो हर साधारण क्षण को असाधारण उपलब्धि में बदल देती है। उन्होंने कहा कि मैं विश्वास के साथ कह सकता हूँ कि यह पीढ़ी छत्तीसगढ़ को और पूरे देश को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि यह समारोह केवल औपचारिक आयोजन नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के सपनों, संकल्पों और संघर्षों का उत्सव है। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप बहुविषयक अध्ययन, कौशल आधारित शिक्षण, चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम, अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट और आधुनिक पाठ्यचर्या जैसी व्यवस्थाओं को लागू करने की सराहना की, जिससे छात्र वैश्विक अवसरों का लाभ उठा सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विवि में डिजिटलईजेशन के माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश प्रक्रिया, परीक्षा फॉर्म, ट्रांसक्रिप्ट और डिग्री प्रमाणपत्र जैसी सेवाओं को ऑनलाइन उपलब्ध कराया गया है। इस नई प्रणाली से छात्रों को सरल, पारदर्शी और त्वरित सेवाएँ मिल रही हैं।

बिहान योजना ने बदल दी जिंदगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर,05 दिसंबर। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के तहत संचालित गतिविधियाँ लगातार सफलता की नई कहानियाँ गढ़ रही हैं। इन्हीं प्रेरक कहानियों में एक नाम है-बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर विकासखंड के ग्राम गोवर्धनपुर की श्रीमती सुमतिया, जो आज सबके बीच 'लखपति दीदी' के रूप में अपनी अलग पहचान बना चुकी हैं।

श्रीमती सुमतिया ने बताया कि वे गेंदा महिला स्व-सहायता समूह की सक्रिय सदस्य हैं। बिहान योजना से जुड़ने से पहले उनका जीवन मुख्यतः घरेलू कार्य और खेती-किसानी तक सीमित था, जिसके कारण परिवार की आर्थिक स्थिति संतोषजनक नहीं थी। बिहान योजना के माध्यम से बैंक क्रेडिट लिंकेज प्राप्त होने के बाद उन्होंने हिम्मत जुटाते हुए किराना दुकान शुरू की, जिससे उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आने लगे। उन्होंने बताया कि बिहान से मिले सहयोग और समूह की निरंतर मार्गदर्शन से न सिर्फ उनकी दुकान सुव्यवस्थित ढंग से चलने लगी, बल्कि कृषि कार्यों का भी बेहतर प्रबंध करने लगी है। वह बैंक सखी के रूप में भी कार्य कर रही हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा दे रही हैं। लगभग 1 लाख रुपये की वार्षिक आय अर्जित कर आत्मनिर्भर बनी सुमतिया ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वे 'लखपति दीदी' बन पाएंगी। लेकिन बिहान योजना से जुड़ने के बाद उनका यह सपना साकार हुआ है।

शपथ पत्र

मैं अज्ञा राम पिता सुकू राम, आयु 56 वर्ष, निवासी ग्राम कुसमा, तहसील - कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव, छ.ग., सत्यनिष्ठापूर्वक निम्न सत्य कथन करता हूं :-

मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ। मेरे पुत्र का वास्तविक सही नाम ओमवीर सोड़ी (OMVEER SODI) है, जो कि उसके कक्षा 5 वीं की अंकसूची में अंकित है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड नं. 6786 3218 1303, में उसका नाम त्रुटिवश अंबीर सोडी (ANBEER SODI) अंकित हो गया है। मैं अपने पुत्र के आधार कार्ड नं. 6786 3218 1303, में उसका वास्तविक सही नाम ओमवीर सोड़ी (OMVEER SODI) अंकित करवाना चाहता हूँ। यह शपथ पत्र मैं अपने पुत्र के आधार कार्ड नं. 6786 3218 1303, में उसका वास्तविक सही नाम ओमवीर सोड़ी (OMVEER SODI) अंकित किये जाने के समर्थन में प्रस्तुत कर रहा हूँ।

अज्ञा राम सोड़ी
शपथकर्ता

न्यायालय तहसीलदार बोरी मामल की श्रेणी: राजस्व

संदर्भः- जिला- दुर्ग तहसील-बोरी प.ह.न.-00009 बिरेंझर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD 202526430207300002

ईश्तहार

तहसील बोरी के प.ह.न. 00009 के अंतर्गत ग्राम बिरेंझर के वर्तमान भूमिस्वामी श्रीमती वंदना सिह धप. एस. सिह पिता/पति-एस. सिंह पता नेहरू नगर भिलाई के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1179/2 (0.3000), 1185(0.1700), 1189/1(0.1400), 1189/2(0.1000), 1189/3(0.1100), 1190/1(0.1800), 1190/2(0.1100), 1190/4(0.1600), 1191(0.0200), 1192(0.1500) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सत्येन्द्र सिंह पिता/पति-आर.एन. सिंह पता-निवासी-म.नं.- 48ए/2 एनएन (वेस्ट) गांधी पार्क के पास, वॉर्ड नं.- 02, मोतीलाल नेहरू नगर भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11/12/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार बोरी पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/11/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार बोरी
तहसील-बोरी,
जि. दुर्ग(छ.ग.)

मुहर

टोकन तुंहर हाथ मोबाइल ऐप ने धान बेचने की प्रक्रिया को पहले से अधिक आसान व तेज बनाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर, 05 दिसंबर। शासन की योजना तब सफल मानी जाती है, जब उसका लाभ सीधे आम लोगों तक पहुँचे। सुकमा जिले के कुड़ुकरास गाँव की किसान श्रीमती विजया दुर्गा आज इसी बदलाव की एक प्रेरक मिसाल हैं। राज्य सरकार द्वारा शुरू किए गए ÷टोकन तुंहर हाथ÷ मोबाइल ऐप ने उनकी धान बेचने की प्रक्रिया को पहले से कहीं अधिक आसान और तेज बना दिया है।

उल्लेखनीय है पहले धान विक्रय के लिए किसानों को लंबी कतारों में खड़े रहना पड़ता था। भीड़, अव्यवस्था और समय की बर्बादी किसान परिवारों के लिए बड़ी समस्या थी। लेकिन इस वर्ष श्रीमती दुर्गा ने अपने घर बैठे ही मोबाइल के माध्यम से कुछ ही मिनटों में ऑनलाइन टोकन प्राप्त कर लिया। न भीड़, न इंतज़ार सिर्फकुछ क्लिक और पूरी प्रक्रिया पूरी हो गई। वे संतोष व्यक्त करते हुए बताती हैं कि अब धान खरीदी की व्यवस्था बिल्कुल सरल और पारदर्शी हो गई है। ऑनलाइन टोकन आसानी से कट गया और धान बेचने में कोई परेशानी नहीं हुई। इस वर्ष उन्होंने सहकारी समिति केंद्र सुकमा में 102 क्विंटल धान बेचा। धान बिक्री से प्राप्त राशि को वह गृहस्थी के कार्यों और कृषि सुधार में उपयोग कर रही हैं। डिजिटल टोकन प्रणाली से उनका समय बचा और उन्हें अपने काम सुचारू रूप से करने में मदद मिली। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए विकसित यह ऑनलाइन व्यवस्था किसानों को अपनी सुविधा के अनुसार तारीख और समय चुनने की स्वतंत्रता देती है। इससे अनावश्यक भीड़ और शिकायतें कम हुई हैं, और प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बन गई है। सबसे खास बात यह है कि अब श्रीमती दुर्गा स्वयं अपने गाँव के अन्य किसानों को भी इस ऐप का उपयोग करने के लिए प्रेरित कर रही हैं। ग्रामीण प्रशासन और तकनीक का यह मेल किसानों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन ला रहा है। टोकन तुंहर हाथ ऐप इस बात का प्रमाण है कि सही नीतियाँ, पारदर्शी व्यवस्था और तकनीक का बेहतर उपयोग किसानों को सुविधाजनक, सुरक्षित और सुगम सेवाएँ दे सकता है।

अवैध कारोबार पर प्रशासन की कसी नकेल

रायपुर, 05 दिसंबर। धान अवैध परिवहन और भंडारण पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बीते दिनों सख्त निगरानी अभियान चलाया। जिला प्रशासन एवं मंडी विभाग के संयुक्त प्रयासों से सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में अब तक 76.75 लाख रुपये मूल्य का कुल 2476 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है। राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, कृषि उपज मंडी तथा सहकारिता विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा 03 दिसंबर तक लगातार छापेमारी की गई। कार्रवाई का उद्देश्य केवल वास्तविक एवं पात्र कृषकों के वास्तविक रकबे के आधार पर ही समर्थन मूल्य में धान खरीदी सुनिश्चित करना है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि राज्य शासन की मंशा के अनुरूप कोचियों और व्यापारियों द्वारा की जा रही अवैध खरीदी-बिक्री पर सख्ती जारी रहेगी। जिले में निगरानी और जांच अभियान आगे भी लगातार ह्यचलता रहेगा।

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) (A Successor Company of CSEB)
(An ISO: 9001-2015, ISO: 14001-2015, OHSMS ISO: 45001-2018, certified power station)
OFFICE OF THE ADDL.CHIEF ENGINEER (S&P) DSPM TPS, KORBA EAST, DISTT: KORBA, PIN: 495677 (C.G.)
PHONE NO. -(07759) 228501, TELEFAX -228501 Email: sepnw.dspmke@cspc.co.in

E-TENDER NOTICE NO.3173/2025

Online bids are invited by the undersigned through CSPGCL e-bidding system (SAP SRM) for, 2x250DSPM TPS, CSPGCL Korba East.

S. No	Tender Specification No.	RFX No. of E-Tender	Particulars	Qty.	Last date & time of bid submission	E.M.D. (Rs.)	Tender Cost
01	16-06/ DSPM TPS/ S&P/TMD /T-3254/25	81000 47786	Work Contract for operation of TG hall EOT crane 125/25 Ton capacity of DSPM TPS korba (East).	As per Tender Schedule	16.12.2025 15:30 Hrs.	2710/-	590/-

For more details, please visit our website at: – https://www.cspc.co.in . Any amendment/ corrigendum, if required, will be displayed on our website only.
Superintending Engineer (Contract)
// SAVE ELECTRICITY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION // DSPM TPS: CSPGCL KORBA EAST
Samvad-46125/1

वृहद् पुल बन रहे विकास एवं समृद्धि के सेतु

दूरस्थ क्षेत्रों में पुल निर्माण से विकास की रफ्तार हुई दुगनी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर 05 दिसंबर। बस्तर के विभिन्न क्षेत्रों में बन रहे पुल विकास और समृद्धि के भी सेतु बन रहे हैं। नक्सल आतंक से प्रभावित रहे दूरस्थ क्षेत्रों में पुलों के निर्माण से विकास कार्य दुगुनी गति से धरातल पर उतर रहे हैं। आकांक्षी जिला कांकेर में पिछले तीन वर्षों में सेतुओं का तेजी से पूर्ण होता निर्माण सुदूरांचलों के रहवासियों के विकास और समृद्धि का भी सेतु बन रहा है। इससे सुदूरवर्ती माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों को अच्छी गति मिल रही है। कांकेर जिले में पिछले तीन वर्षों में 101 करोड़ 16 लाख रुपए की लागत से 20 सेतु निर्माण के कार्य पूर्ण हुए हैं। इससे लगभग 160 गांवों के 80 हजार लोगों का बारहमासी सड़क संपर्क विकासखंड, तहसील एवं जिला मुख्यालय से हो गया है। इन पुल-पुलियों के निर्माण से क्षेत्रवासियों तक उच्च शिक्षा, व्यापार, पर्यटन, सामाजिक-सांस्कृतिक संपर्क, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं एवं शासन की योजनाओं की पहुंच आसान हो गई है। इससे नक्सल गतिविधियों के उन्मूलन के साथ ही क्षेत्र में विकास की गति तेज हुई है।

कुछ इलाकों के नक्सल प्रभावित होने के बावजूद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में मिचगांव से कोड़ेकुर्से मार्ग के कि.मी. 16/2 पर कोटरी नदी पर नौ करोड़ 35 लाख रुपए की लागत से एवं आतुरबेड़ा-भैंसगांव-निब्रा मार्ग के कि.मी. 4/2 मेंढ़की नदी पर नौ करोड़ 57 लाख रुपए की लागत से महत्वपूर्ण उच्च स्तरीय पुलों के काम पूर्ण किए गए हैं। अभी जिले में कुल 60 करोड़ रुपए की लागत से 12 वृहद पुलों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। साथ ही कुल 30 करोड़ रुपए लागत के पांच वृहद सेतु कार्य निविदा स्तर पर है, जो कि शीघ्र ही प्रारंभ हो जाएंगे। इससे 136 गांवों की 68 हजार से अधिक आबादी लाभान्वित होगी। कांकेर के दूरस्थ छोटेबेठिया-मरबेड़ा-सितरम मार्ग पर कोटरी नदी पर 19 करोड़ रुपए तथा कोयलीबेड़ा-दुता मार्ग पर मेंढ़की नदी पर दस करोड़ 28 लाख रुपए की लागत से वृहद पुल निर्माणाधीन हैं। इनके साथ ही सोनपुर-मरोड़ा मार्ग (बेचाघाट) पर प्रस्तावित पुल निर्माण कार्य की स्वीकृति अंतिम चरण पर है। इन पुलों के निर्माण से माड़ क्षेत्र से सीधा संपर्क स्थापित हो जाएगा। ये पुल क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे।

कांकेर में नरहरपुर विकासखण्ड के अंतिम छोर को जोड़ने के लिए बांसपत्तर-तिरियारपानी मार्ग में स्वीकृत पांच वृहद पुलों में से एक का कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष चार पुलों के काम अगले वर्ष (2026) मार्च तक पूर्ण हो जाएंगे। जिले के इसी सीमावर्ती क्षेत्र में लेण्डारा से ठेमा मार्ग पर दो वृहद् पुल बने हैं। इनके निर्माण से कोण्डागांव जिले के विश्रामपुरी-बड़ेराजपुर विकासखण्ड से सीधा बारहमासी संपर्क हो गया है। विकास की दौड़ में अछूता सा रह गया यह क्षेत्र भी अब तेजी से विकास करेगा। कांकेर के कोने-कोने को राज्यीय मार्गों, राष्ट्रीय राजमार्गों, विकासखंडों, तहसीलों एवं जिला मुख्यालय से बारहमासी संपर्क स्थापित करने के लिए राज्य शासन द्वारा बजट में लगभग 250 करोड़ रुपए के 36 नवीन सेतु निर्माण कार्यों के प्रस्ताव शामिल किए गए हैं, जिनकी स्वीकृति की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। आगामी बजट में 25 नए सेतु कार्यों को शामिल करने के लिए 154 करोड़ रुपए के प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जा रहा है। इन पुलों के निर्माण से जिले के कोने-कोने से जिला मुख्यालय एवं राजधानी आने-जाने के लिए लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, कोटा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(द्वितीय आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 180989/निविदा सूचना क्र. 09/व.ले.लि./2025-26 दिनांक. 03.12.2025

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 22.12.2025, 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का नाम : बिलासपुर जिले के विकासखण्ड तखतपुर अंतर्गत मनियारी नदी पर विजयपुर एनीकट निर्माण कार्य।
अनुमानित लागत : रूपये 673.58 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 10.12.2025, समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

नोट : 1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।
2. निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. दिनांक 01.08.2010 (संशोधित 22.08.2022) के अनुसार है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, कोटा
जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

जी-252605228/9

एक नजर

रायपुर, 5 दिसम्बर। सब जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी की प्रतियोगिता ईटानगर अरुणाचल प्रदेश में आयोजित प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन के तीरंदाजों का मेडल प्राप्त कर आजाद हिंद एक्सप्रेस से रायपुर लौटने पर रेलवे स्टेशन में शाल श्रीफल, मफलर, पहना कर छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के कैलाश मुरारका ने स्वागत किया।

राहुल गांधी कांग्रेस जिलाध्यक्षों को बताएंगे जमीन के नीचे कैसे मिर्ची लगती है : नेताम

रायपुर, 5 दिसम्बर। राहुल गांधी के कांग्रेस जिलाध्यक्षों को ट्रेनिंग दिए जाने पर कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने तंज कसा है. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी बताएंगे आलू से सोना कैसे बनता है, जमीन के नीचे मिर्ची कैसे लगती है. ट्रेनिंग लेते-लेते कांग्रेस शून्यता की ओर बढ़ रही है. कांग्रेस ने लोकतंत्र का मजाक बना दिया है. वहीं धान खरीदी पर मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि पूरे प्रदेश में धान खरीदी सुचारू रूप से चल रही है. किसानों की समस्या होने पर समाधान के निर्देश जारी किए गए हैं. कई जगह एग्रीस्टेक की वजह से शिकायतें हैं, जिसे 15 दिसंबर तक खाते ठीक करा सकेंगे. तहसीलदार कैंप लगाकर सभी समस्याओं का निराकरण करेंगे. धान खरीदी को लेकर जैसा हाय-तौबा मचाया गया, वैसी कोई स्थिति नहीं है.

किसान और जमीन व्यवसाय से जुड़े कारोबारियों से मिले विकास व प्रमोद

रायपुर, 5 दिसम्बर। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय व पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने किसानों तथा जमीन व्यवसाय से जुड़े लोगों से आज मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानी। उपाध्याय ने कहा कि ये जो नई गाईड लाईन का नियम राज्य सरकार में मंत्री ओपी चौधरी ने लाया है ये नियमतः साल के फाइनेंशियल ईयर में आता था लेकिन इस सरकार ने साल के मध्य ही ये नियम लाकर किसानों और व्यापारियों पर राजस्व का अतिरिक्त बोझ डाल दिया गया। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बताया कि पंद्रह साल की रमन सरकार ने जिस छोटी रजिस्ट्री को रोक रखा था भूपेश बघेल जी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार बनते ही जमीन की छोटी रजिस्ट्री 5 डिसमिल से कम वाली रजिस्ट्री चालू कराया एवं जमीन की गाईड लाईन में तीस प्रतिशत कम कर आम जनता को राहत देने का काम किया था फलस्वरूप लगातार 5 साल जमीन का कारोबार सुव्यवस्थित चला।

गुरु घासीदास जयंती पर मांस-मटन विक्रय पूर्ण रूप से प्रतिबंधित

रायपुर, 5 दिसंबर। रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे के निर्देश पर नगर पालिक निगम रायपुर के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में गुरू घासीदास जयन्ती दिनांक 18 दिसम्बर और संत तारण तरण जयन्ती दिनांक 19 दिसम्बर को मांस-मटन का विक्रय पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश के परिपालन में रायपुर नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से नगर पालिक निगम स्वास्थ्य विभाग ने गुरू घासीदास जयन्ती दिनांक 18 दिसम्बर और संत तारण तरण जयन्ती दिनांक 19 दिसम्बर को रायपुर नगर पालिक निगम के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं समस्त मांस - मटन विक्रय की दुकानों को बंद रखे जाने का आदेश जारी किया है। गुरू घासीदास जयन्ती दिनांक 18 दिसम्बर और संत तारण तरण जयन्ती दिनांक 19 दिसम्बर को नगर पालिक निगम रायपुर के जोन स्वास्थ्य अधिकारीगण, जोन स्वच्छता निरीक्षकगण मांस - मटन के विक्रय पर प्रतिबन्ध के आदेश का व्यवहारिक पालन सुनिश्चित करवाएंगे और इस हेतु अपने अपने सम्बंधित जोन क्षेत्रों में मांस -मटन की दुकानों का सतत निरन्तर पर्यवेक्षण करेंगे।

निधन

व्यधिरमचंद जैन
सिमगा, 5 दिसम्बर। जैन समाज के व्यधिरमचंद जैन का आज निधन हो गया वे 76 वर्ष के थे। वे मनीष जैन के पिता थे।

नकली खाद्य सामग्री और दवाओं की जांच के लिए नवा रायपुर में बनेगा लैब

100 करोड की लागत से मध्य भारत का सबसे बड़ा लैब होगा

रायपुर, 5 दिसम्बर। छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में मध्य भारत का सबसे बड़ा इंटीग्रेटेड खाद्य एवं औषधि परीक्षण प्रयोगशाला का निर्माण होने जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा, नवा रायपुर में डेढ़ एकड़ के कैंपस में लैब बनेगा, जिससे नकली खाद्य सामग्री एवं दवाओं की जांच तेजी से होगी। दूसरे राज्यों से महीनों बाद जांच रिपोर्ट आती थी, लेकिन अब घंटों में रिपोर्ट आएगी और कार्रवाई में तेजी आएगी।

मंत्री जायसवाल ने कहा, मुख्य बजट 2025-26 की एक और बड़ी घोषणा पूरी हो गई है। लैब निर्माण के लिए 46.49 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है। मशीन लगाकर लैब बनाने तक 100 करोड़ का खर्च पार हो जाएगा। इस सुविधा के बाद दूसरे राज्यों पर छत्तीसगढ़ की निर्भरता खत्म होगी।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, अब रासायनिक परीक्षणों की जांच क्षमता 500-800 नमूने प्रतिवर्ष से 7000-8000 नमूने प्रतिवर्ष हो जाएगी। माइक्रोबायोलॉजिकल परीक्षण इंजेक्शन, आई ड्रॉप आदि 2000 नमूने प्रतिवर्ष होंगे। मेडिकल डिवाइसेस हाथ के दस्ताने, कैथेटर आदि जिनका वर्तमान में परीक्षण नहीं किया जा रहा है उनका भी 500 नमूने प्रतिवर्ष लिए जाएंगे। फार्मास्यूटिकल्स नमूनों की जांच 50 से बढ़कर 1000 नमूने प्रतिवर्ष हो जाएंगे।

सरकारी कार्यालयों में नए साल से बायोमेट्रिक अटेंडेंस अनिवार्य

रायपुर, 5 दिसम्बर। मंत्रालय में आधार-आधारित बायोमेट्रिक अटेंडेंस लागू करने के बाद अब छत्तीसगढ़ सरकार राज्य के सभी सरकारी दफ्तरों में इसे लागू करने जा रही है। इसी संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागाध्यक्षों, संभागायुक्तों और कलेक्टरों को आदेश जारी किया है, जिसमें आधार इनेबल्ड बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम को 1 जनवरी 2026 से अनिवार्य रूप से लागू करने का निर्णय लिया गया है। जारी आदेश के अनुसार सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं कि 31 दिसंबर 2025 तक सभी शासकीय सेवकों की एईबीएएस में ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। इसके बाद 1 जनवरी 2026 से उपस्थिति केवल एईबीएएस के माध्यम से ही दर्ज की जाएगी। साथ ही कार्यालय में उपस्थिति की नियमित निगरानी करने और कर्मचारियों को समय पर कार्यालय आने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

इंडिगो की फ्लाइट रद्द

परेशान यात्रियों का काउंटर में तैनात कर्मियों पर फूटा गुस्सा

रायपुर, 5 दिसम्बर। रायपुर एयरपोर्ट पर इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट रद्द होने से यात्रियों में नाराजगी देखने को मिली. उड़ान से कुछ देर पहले ही अचानक मैसेज भेजकर फ्लाइट रद्द किए जाने की सूचना दिए जाने पर यात्रियों ने एयरलाइंस के काउंटर पर मौजूद कर्मचारियों पर अपनी भड़ास निकाली.

यात्रियों का कहना है कि न तो वैकल्पिक फ्लाइट दी गई, न ही एकोमोडेशन या किसी तरह की सहायता दी गई. कई यात्री, जो दिल्ली, मुंबई, इंदौर और हैदराबाद जाने वाले थे, उन्होंने भी नाराज़गी जताई. शिकायत के बावजूद इंडिगो प्रबंधन की ओर से कोई स्पष्ट जवाब न मिलने पर कई लोग मजबूर होकर बिना यात्रा किए वापस लौट रहे हैं.

दुबई से रायपुर आए एक यात्री ने बताया कि उनका सामान अब तक उन्हें नहीं मिला है. लगेज के

लिए 14 हजार रुपए अतिरिक्त भुगतान किया था, लेकिन इंडिगो की ओर से कोई सहायता नहीं की गई. यात्री पिछले 48 घंटे से अधिक समय से एयरपोर्ट पर परेशान घूम रहे हैं. मैसूर जाने वाली एक कैंसर पेशेंट महिला यात्री को भी उड़ान रद्द होने की सूचना अंतिम समय पर मिली. महिला ने कहा कि अब मजबूरन कार से मैसूर जाना पड़ेगा, क्योंकि डॉक्टर का अपॉइंटमेंट मिस हो गया तो नई तारीख मिलना मुश्किल है. इंदौर में जरूरी बिज़नेस मीटिंग के लिए जा रहे एक यात्री को भी फ्लाइट कैंसिलेशन से भारी परेशानी हुई.

उनका कहना है कि इंडिगो की अचानक सूचना से पूरा कार्यक्रम गड़बड़ा गया. यात्रियों ने आरोप लगाया कि इंडिगो हेल्पडेस्क कोई समाधान नहीं दे रहा है, कोई वरिष्ठ भी अधिकारी मौजूद नहीं हैं. यात्रियों की मांग हैं कि इंडिगो द्वारा उचित व्यवस्था की जानी चाहिए.

रिंग रोड नंबर-1 का सर्विस रोड होगा 11 मीटर चौड़ा

रायपुर, 5 दिसम्बर। सांसद एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने संसद भवन में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से औपचारिक भेंट कर रायपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ की ट्रैफिक समस्या और शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

रायपुर के लिए एनएच-53 रिंग रोड नंबर 1 की सर्विस रोड को 5 मीटर से बढ़ाकर 11 मीटर तक चौड़ा करने के प्रस्ताव पर मंत्री ने सहमति जताते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा यह निर्णय रायपुर के तेज़ी से बढ़ते शहरी विस्तार, बढ़ते यातायात दबाव और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अत्यंत महत्वपूर्ण है।उन्होंने कहा रायपुर को सुरक्षित, सुगम और सुव्यवस्थित शहर बनाने के लिए हमारा प्रयास लगातार जारी है।

पीएम आवास निर्माण में छग देश में प्रथम स्थान पर: किरण

रायपुर, 5 दिसम्बर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार के दो साल के पूरे होने जा रहे कार्यकाल को संकल्पों की सिद्धि और उपलब्धियों का प्रामाणिक दस्तावेज बताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर गरीब के सिर पर पक्की छत का जो संकल्प भाजपा ने विधानसभा चुनाव में 'मोदी की गारंटी' में व्यक्त किया था, वह गारंटी पूरी करके प्रदेश सरकार ने विश्वसनीयता अर्जित की है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार के दो साल के महत्वपूर्ण निर्णयों एवं उपलब्धियों का विस्तार से जिक्र कर बताया कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के दूसरे ही दिन कैबिनेट की बैठक आयोजित कर मोदी की गारंटी के अनुरूप 18 लाख 12 हजार 743 जरूरतमंद परिवारों को प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराने स्वीकृति देने का निर्णय लिया गया। प्रदेश में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में योजना शुरू होने से अब तक 26 लाख से अधिक पीएम आवास मंजूर किए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वर्ष 2016-26 तक कुल प्राप्त लक्ष्य 26, 27, 223 आवासों के विरुद्ध 24, 22, 571 आवासों की स्वीकृति कर 16, 72, 002 हितग्राहियों के आवासों को पूर्ण कराया जा चुका है। आवास निर्माण की गति बढ़ाते हुए लगभग 2, 000 आवास प्रतिदिवस निर्माण किया जा रहा है, जिससे छत्तीसगढ़ देश में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान योजनांतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को पक्के आवास

से लाभान्वित किया जा रहा है जिसके तहत अभी तक कुल 33, 217 आवासों की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत प्रदेश के आवासहीन 38, 798 परिवारों को आवास स्वीकृत किए गए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा कि प्रदेश के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आत्मसमर्पित नक्सलियों एवं नक्सल पीड़ित परिवारों के लिए 15 हजार आवास स्वीकृत के गए हैं। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थापित सुरक्षा कैंप की 10 कि.मी. की परिधि में आने वाले गाँवों में नियद नेल्लानार योजना के तहत 327 गांवों में 13, 788 घरों और शहरी क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत 1.32 लाख आवासों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। इसी प्रकार आवास से आजीविका प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत 8000 से अधिक महिला स्व-सहायता समूह की दीदियाँ सेंटरिंग प्लेट एवं निर्माण सामग्री की आपूर्ति के कार्य से लखपति दीदी बनीं।

उन्होंने कहा कि अटल डिजिटल सुविधा केंद्र 4500 से अधिक ग्राम पंचायतों में पीएमएवाय-जी के हितग्राहियों की किश्तों का आहरण आसान हुआ है।

कांग्रेस ने बनाई दिल्ली में प्रदर्शन की रणनीति

रायपुर, 5 दिसंबर। शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस भवन गांधी मैदान में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई थी जिसमें 14 दिसंबर को दिल्ली में होने वाले प्रदर्शन एवं 6 दिसंबर को नवनियुक्त जिला अध्यक्षों के पदभार ग्रहण को लेकर चर्चा हुई।बैठक में उपस्थित पदाधिकारी से इन दोनों विषयों पर राय मांगी गई।

बैठक में 14 दिसंबर को दिल्ली में प्रस्तावित एसआईआर मुद्दे पर होने वाले विशाल जन प्रदर्शन पर भी रणनीति बनाई गई। प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार, शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस के पदाधिकारियों को इस बड़े आंदोलन में सक्रिय और संगठित भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।

सभी पदाधिकारियों ने आंदोलन की आवश्यकता और उसकी गंभीरता पर अपनी अपनी राय व्यक्त की तथा इस प्रदर्शन को पूरी मजबूती के साथ सफल बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

इसके अलावा 6 दिसंबर को शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्षों के पदभार ग्रहण समारोह की रूपरेखा पर विस्तृत विचार विमर्श हुआ। कार्यक्रम को ऐतिहासिक और व्यवस्थित रूप से आयोजित करने हेतु सभी पदाधिकारियों से सुझाव मांगे गए। उपस्थित सभी सदस्यों ने अपने अपने विचार रखते हुए कार्यक्रम को सफल और गरिमामय बनाने हेतु पूर्ण सहयोग देने की सहमति जताई।

बैठक में अंत में निर्णय लिया गया कि दोनों कार्यक्रमों को ऐतिहासिक सफलता दिलाने के लिए संगठन स्तर पर समन्वय जिम्मेदारी एवं अनुशासन के साथ कार्य किया जाएगा।

इस अवसर पर शहर अध्यक्ष कुमार मेनन ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा पूर्व विधायक विकास उपाध्याय कुलदीप जुनेजा अनीता शर्मा प्रमोद दुबे गिरीश दुबे उधोराम वर्मा नंदलाल देवांगन आकाश तिवारी ममता राय नवीन चंद्राकर संजय सोनी प्रशांत ठेंगड़ी अशोक ठाकुर सतनाम पनाग देवकुमार साहू दिनेश ठाकुर मनोज कंदोई बंशी कन्नौजे अविनय दुबे जी श्रीनिवास राकेश धोतरे प्रवीण चंद्रकार सत्तू सिह आकाश दीवान मो फहीम अनिल रायचुरा गंगा यादव कशिश चंद्रकार पूनम यादव मोहसिन खान सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

भाजपा सरकार में साहस हो तो प्रधानमंत्री आवास पर श्वेत पत्र जारी करे : दीपक बैज

रायपुर, 5 दिसंबर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारो से चर्चा करते हुये कहा कि अपने अध्यक्ष किरण देव के माध्यम से भाजपा सरकार ने कल फिर झूठ बोला। किरण देव दावा कर रहे की प्रदेश में अभी तक 2016 से कुल 24 लाख आवास स्वीकृत हुए है, उनमें से 16 लाख 72000 आवास उनकी सरकार ने पूरे कर लिए है। जबकि हकीकत यह है कि पिछले दो साल में साय सरकार ने एक भी नए मकान स्वीकृत नहीं किया। कांग्रेस सरकार के समय स्वीकृत हुए मकानों की दूसरी किस्त दिया, जो पूरे हुए उनका उद्घाटन करवाया। भाजपा अध्यक्ष 2016 से आंकड़ा तो प्रस्तुत कर रहे, लेकिन 2023 तक कितने मकान स्वीकृत हुए उनकी संख्या नहीं बता रहे। भाजपा सरकार में साहस है तो अभी तक बनाए गए प्रधानमंत्री आवास की वर्षवार संख्या का श्वेत पत्र जारी कर दे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश में चल रही धान खरीदी में सरकार की लापरवाही के कारण किसान परेशान हो रहे है। टोकन नहीं कट पा रहा, तौलाई में दिक्कत हो रही, पंजीयन की समस्या यथावत बनी हुई है, आज भी 5 लाख किसान पंजीयन के लिए सोसायटी दफ्तर से ले कर तहसीलदार तक के चक्कर काट रहे। सरकार किसानों का धान तो खरीदना नहीं चाह रही भी सीमावर्ती प्रदेशों से सत्तारूढ़ दल के नेताओं के संरक्षण में बेतहाशा धान आ रहा और सोसायटियों में बिक भी रहा है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि संगठन सृजन के माध्यम से बनाए गए कांग्रेस के जिला अध्यक्षों की पहली बैठक कल 6 दिसंबर को राजीव भवन में आयोजित है। बैठक में आगामी महीनो की कार्य योजना बनाई जाएगी, एसआईआर की प्रगति निगरानी पर बात होगी, साथ ही 14 दिसंबर को दिल्ली में होने वाली वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली में छत्तीसगढ़ की हिस्सेदारी पर भी चर्चा होगी। इसके साथ ही बिजली के दाम की बढ़ोतरी के खिलाफ गाइडलाइन की दरों के खिलाफ तथा धान खरीदी की अव्यवस्था के खिलाफ भी आंदोलनों पर चर्चा होगी।

राजधानी में पकड़ाया नकली पनीर

रायपुर, 5 दिसंबर। राजधानी में आज नकली पनीर बड़ी मात्रा में पकड़ाया है। कबीर नगर सहित अन्य क्षेत्रों में पैकेट का पैकेट पनीर पकड़ाया है। पुलिस द्वारा उचित कार्रवाई की जा रही है। हमारी संवाददाता ने नकली पनीर बनाने वालों से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि नकली पनीर भिण्ड मुरैना से लाया जाता है, इसके निर्माण में रसायनों का उपयोग किया जाता है। इस स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ता है। छत्तीसगढ़ के व्यापारियों द्वारा इंदौर भिण्ड, मुरैना नकली खोया मगाया जाता है, इसका इस्तेमाल मिठाई बनाने के लिए किया जाता है। इसमें कई रसूखदार व्यापारी भी शामिल हैं। खाद्य एवं औषधि प्रशासन पुलिस के सहयोग से लगातार कार्रवाई कर रहा है।

ब्रेस्ट कैंसर की शुरुआती पहचान ही जीवन बचाने की सबसे बड़ी कुंजी

रायपुर, 5 दिसम्बर। कई ग्रामीण इलाकों में आज भी महिलाएँ अपनी सेहत के बारे में खुलकर बात नहीं कर पातीं, खासकर जब बात ब्रेस्ट हेल्थ की हो। झिझक, समय की कमी और सही जानकारी न मिल पाने की वजह से कई बार शुरुआती लक्षण भी नजरअंदाज हो जाते हैं। जबकि सच यह है कि ब्रेस्ट कैंसर की शुरुआती पहचान ही जीवन बचाने की सबसे बड़ी कुँजी है। इस जरूरत को ध्यान में रखते हुए, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने अपनी पहल 'थैंक्स-ए-डॉट' को छत्तीसगढ़ के कांकेर तक पहुँचाया, ताकि महिलाएँ खुद की सेहत के लिए जागरूक और आत्मनिर्भर बन सकें। कांकेर में हुए जागरूकता कार्यक्रम में 800 ग्रामीण महिलाएँ शामिल हुईं। उन्हें एक खास तरह का 'हग ऑफ लाइफ' हॉट वॉटर बैग दिया गया, जिसमें छोटी-छोटी 3डी गाँठें

बनी होती हैं। इससे महिलाएँ आसानी से सीख पाती हैं कि स्पर्श के जरिए किसी भी असामान्य गाँठ या बदलाव को कैसे पहचाना जाए। ये किटें जिला कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर और एसबीआई लाइफके रविंद्र शर्मा सहित कई अतिथियों ने मिलकर बाँटीं।

प्रशासन सख्त | अवैध धान परिवहन व भंडारण पर लगातार कार्रवाई

पराग राइस मिल से 508 क्विंटल धान जब्त

रायपुर, 5 दिसम्बर। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देशानुसार खरीफ वर्ष 2025-26 में अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार सघन कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई खाद्य विभाग, राजस्व विभाग तथा मंडी समिति के संयुक्त टीम द्वारा 13 नवंबर से 1 दिसंबर में बीच की गई है। संयुक्त निरीक्षण दल ने रायपुर जिले में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रायपुर टूरई कचरा मिल में रखे गए स्टॉक की गहन जांच की गई। दी गई जानकारी के अनुसार खरीफ सीजन 2025-26 में अब तक 42 प्रकरण दर्ज किए गए। 1537.60 क्विंटल धान जब्त किए गए।

13 नवम्बर से 1 दिसम्बर 2025 के बीच विभिन्न मंडी क्षेत्रों में संयुक्त टीमों द्वारा विशेष जांच अभियान चलाया गया। रायपुर मंडी क्षेत्र में कुल 12 प्रकरण के साथ सारागांव, सिलयारी, तर्रा, पथरी, मोहंदी, पावनी सहित अन्य स्थानों से 472 क्विंटल, नवापारा मंडी क्षेत्र से 10 प्रकरण के साथ तर्री, चंपारण, सेमरा टीला, पोड़, नवापारा, तामासिवनी क्षेत्रों से 167.40 क्विंटल जब्त की गई तथा कुर्रा पराग ट्रेडर्स राईस मिल से 508 क्विंटल जब्त किए गए। साथ मामलों में धारा 19 के तहत प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

इसी तरह आरंग मंडी क्षेत्र में 3 प्रकरण के साथ आरंग तथा गुल्लू से 56.80 क्विंटल जब्त किया गया। रसाथ ही नेवरा मंडी क्षेत्र से 14 प्रकरण दर्ज करते हुए कोटा, शरारीडीह, नेवरा, खरोरा, तुलसी, परसदा आदि क्षेत्रों से 298.40 क्विंटल एवं अभनपुर मंडी क्षेत्र से 2 प्रकरण दर्ज करते हुए अभनपुर एवं चंडी क्षेत्र से 35 क्विंटल जब्त किया गया। सभी कार्रवाई पूर्ण कर ली गई है।

महालक्ष्मी वरदान दिवस पर पूजा-अर्चना

रायपुर, 5 दिसम्बर। अगहन मास की पूर्णिमा पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच द्वारा महालक्ष्मी वरदान दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर मंच के संरक्षक कन्हैया अग्रवाल, अध्यक्ष नितेश अग्रवाल एवं महामंत्री पंकज अग्रवाल के नेतृत्व में विधि-विधान से मां महालक्ष्मी और भगवान अग्रसेन का पूजन-अर्चना किया गया। पूजा उपरांत प्रसादी स्वरूप भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। अगहन मास पूर्णिमा का यह दिन अग्रवाल समाज के लिए विशेष महत्व रखता है। मान्यता है कि अगहन मास की पूर्णिमा के दिन मां लक्ष्मी, महाराजा अग्रसेन जी की तपस्या से प्रसन्न होकर उन्हें अपना दत्तक पुत्र स्वीकारते हुए सदैव अग्र कुल में विराजमान रहने का वरदान प्रदान किया था। इसी उपलक्ष्य में

अग्रवाल समाज देशभर में इस दिन को महालक्ष्मी वरदान दिवस के रूप में मनाता है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप सीताराम अग्रवाल, विष्णु गोयल, राधेश्याम अग्रवाल, राजेश केडिया, निर्मल अग्रवाल, सुरेश चौधरी, नारायण अग्रवाल, कमल गुप्ता श्रीमती प्रीति अग्रवाल, बबीता अग्रवाल, सुनीता पोद्दार, रेणु पोद्दार, अमिता सिंघानिया पूनम अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, मानस अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, त्रिपत जैन, दिनेश अग्रवाल, अशोक गोयल, जितेंद्र अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे। युवा अग्रवाल मंच के अध्यक्ष ने बताया कि पूरे देश में अग्रवाल समाज द्वारा विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ महालक्ष्मी वरदान दिवस का आयोजन किया जा रहा है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26